आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 11 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-104 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

# कैबिनेट बैठक : विस सत्र से पहले अहम रणनीति पर मंथन

**रायपुर,11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राजधानी के नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में संपन्न हुई, जहां राज्य के कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और आगामी सत्र की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सरकार की प्राथमिकता में जनहित से जुड़े मुद्दे, बजट प्रावधान, आगामी योजनाओं की समीक्षा तथा कानून व्यवस्था की स्थिति जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही यह भी मंथन हुआ कि विपक्ष द्वारा



संभावित सवालों का कैसे प्रभावी उत्तर दिया जाए और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से कैसे संचालित किया जाए। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, बैठक में कुछ नए प्रस्तावों को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई, जिन्हें सत्र के दौरान सदन में पेश किया जा सकता है। मुख्यमंत्री साय ने मंत्रियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की तैयारियों को पुख्ता करें और सदन में मजबूत प्रस्तुति दें।

बैठक के बाद मंत्रिपरिषद के कुछ सदस्यों ने संकेत दिया कि राज्य सरकार अगले कुछ महीनों में विकास कार्यों को गति देने वाली नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। यह बैठक इस दृष्टि से भी अहम मानी जा रही है क्योंकि यह भाजपा सरकार के पहले मानसून सत्र की पूर्व तैयारी का हिस्सा है।

विधानसभा सत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर विस्तृत चर्चा की संभावना है। कैबिनेट ने इन क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए कई अहम बिंदुओं पर गहन विचार किया। उल्लेखनीय है कि मानसून सत्र आगामी सप्ताह से शुरू होने जा रहा है, जिसमें सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यह कैबिनेट बैठक सरकार की रणनीतिक तैयारी का अहम हिस्सा रही।

### बंदूक नहीं, विकास की राह पर साथ चलना चाहते हैं लोगः साय

नारायणपुर जिले में ₹37 लाख 50 हजार के 22 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के ऊपर ₹50 हजार रुपए से लेकर ₹8 लाख तक के इनाम घोषित थे। हमारी सरकार में अब तक 1476 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। यह हमारी सरकार की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की सकारात्मकता का प्रमाण है। 'नियद नेल्लानार' जैसी योजनाओं ने विश्वास जगाया है, लोग हिंसा छोड़कर विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनरुत्थान हेतु हम पूर्णतः संकल्पित हैं। डबल इंजन की सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षेप

### सरकार की तारीफ में शहनाई न बजाएं सुखदेव भगत

**नई दिल्ली ,11 जुलाई।** कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कांग्रेस नेता शशि थरूर और मोदी सरकार की विदेश नीति पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में मणिपुर हिंसा और विदेश नीति की विफलता पर अपनी राय रखी। साथ ही, गुजरात में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर भी टिप्पणी की। सुखदेव भगत ने शशि थरूर को लेकर कहा कि उनके जैसे विद्वान नेता को देश के ज्वलंत मुद्दों पर बोलना चाहिए, न कि मोदी सरकार की तारीफ में शहनाई बजानी चाहिए।

उन्होंने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय कोई भी देश भारत के साथ नहीं खड़ा हुआ। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जब 12 देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नागरिक सम्मान दिए और 17 देशों की संसद को उन्होंने संबोधित किया, तब भी कोई भारत के साथ क्यों नहीं खड़ा हुआ? भगत ने मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाया। कहा, मणिपुर आज भी जल रहा है, लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हो रही। यह दुखद है।

### 2 घंटे से अधिक डेड बॉडी नहीं रख पाएंगे प्राइवेट हॉस्पिटल

**दिसपुर ,11 जुलाई।** असम में अस्पतालों के लिए एक नया नियम आया है। बिल जमा हो या न हो प्राइवेट हॉस्पिटल 2 घंटे से ज्यादा समय तक अब डेड बॉडी नहीं रख पाएंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम सरकार ने फैसला किया कि किसी भी निजी अस्पताल को मरीज के शव को 2 घंटे से अधिक समय तक रखने की अनुमति नहीं होगी, भले ही परिवार इलाज का बिल न चुका पाए। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि निजी अस्पतालों की ओर से मृतक मरीजों के शवों को रोककर नहीं रखा जाएगा। उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के 2 घंटे के भीतर शव सौंपने होंगे, चाहे भुगतान कितना भी लंबित क्यों न हो। इससे अधिक देरी होने पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार एक 24X7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 104 स्थापित करेगी .

# माओवादियों संगठन ने कराई थी जिन नक्सलियों की नसबंदी, अब बन सकेंगे पिता

**रायपुर,11 जुलाई।** माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का सरकार की तरफ से पूरा ख़याल रखा जा रहा है। सरकार ऐसे आत्मसमर्पित पुरुष और महिला नक्सलियों को पुनर्वास योजना का लाभ देते हुए उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने का पूरा प्रयास कर रही है। इस बीच नक्सलियों के लिए सरकार ने एक और सौगात पेश की है। दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार उन नक्सलियों को संतान सुख देने के प्रयास में है जिन नक्सलियों का माओवादी नेताओं ने नसबंदी करा दिया था। बताया जाता है कि नक्सल संगठन में रहते हुए माओवादियों को संतानोत्पत्ति की इजाजत नहीं होती लिहाजा नक्सल दम्पत्तियों की जबरन नसबंदी करा दी जाती है। ऐसे में आत्मसमर्पित नक्सल दम्पत्तियों को माता-पिता बनने का अवसर सरकार की तरफ से दिया जा रहा है। इस बारें में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया है कि, अब आत्मसमर्पित नक्सली भी पिता बन सकेंगे। राज्य सरकार नसबंदी करा चुके नक्सलियों को टेस्ट ट्यूब बेबी की सुविधा देने जा रही है। मुख्यधारा में लौटते ही उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह पुनर्वास केंद्रों में आत्मसमर्पित युवा नक्सली भी आ रहे हैं।

# छग में महंगी हुई बिजली

**रायपुर,11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरें तय हो गई है. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की गई मांग के आधार पर वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की है. इस लिहाज से घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है. वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है. प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद पहली बार है, जब बिजली की दरों में बढ़ोतरी हुई है. इससे पहले कांग्रेस सरकार में दो बार बिजली के दामों में बढ़ोतरी की गई थी. कांग्रेस सरकार के दौरान 22-23 में 2.50 प्रतिशत और 24-25 में 4.88 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी. इस तरह से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 7.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत दरों में बढ़ोतरी करने के साथ बताया कि राज्य की विद्युत कंपनियों के विगत वर्षों के राजस्व घाटा तथा राजस्व आधिक्य पर विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर .25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया है. वितरण कंपनी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य किया गया है. इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित .4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर .523.43 करोड़ रुपए मान्य किया है.

**औसत विद्युत प्रदाय दर एवं औसत विद्युत बिलिंग दर**-आयोग द्वारा वर्तमान टैरिफ आदेश में लिए गए निर्णयों के फलस्वरूप औसत विद्युत बिलिंग दर 7.02 रुपए प्रति यूनिट अनुमानित है. इस हिसाब से वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की गई है. जारी नई विद्युत दरें 1 जुलाई, 2025 से प्रभावशील होंगी.

# विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग पर भरोसा करना चाहिए : शाहनवाज हुसैन

**नई दिल्ली ,11 जुलाई।** बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा ने विपक्ष द्वारा बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर रोक लगाए जाने की मांग पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मैं मानता हूं कि विपक्षी दलों के द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इसके (विशेष मतदाता पुनरीक्षण) खिलाफ विपक्षी दल के नेता सुप्रीम कोर्ट गए थे, खासकर मनोज झा। उन्होंने कोर्ट से स्टे मांगा, लेकिन कोई स्टे नहीं लगा। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव दिए हैं, जो उचित हैं। आखिरी सुनवाई में फैसला आएगा। विपक्षी नेताओं को सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा करना चाहिए। मगर ये लोग उस पर भी बयानबाजी करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, जब विपक्षी दल किसी राज्य में चुनाव जीत जाते हैं तो चुनाव आयोग अच्छा हो जाता है और जब हारते हैं तो चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं।

# जंगल, जमीन चुराना चाहती है भाजपा : राहुल

**भुवनेश्वर,11 जुलाई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को ओडिशा में संविधान बचाओ रैली नामक एक जनसभा में भाग लिया। यह सभा पार्टी द्वारा समर्थन जुटाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान राहुल ने भाजपा पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार का बस एक ही काम है - राज्य की गरीब जनता के हाथों से ओडिशा की संपत्ति छीनना। पहले बीजद सरकार यही करती थी और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं, तो दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। ओडिशा की जनता के साथ मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ता ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने आगे कहा कि मैं कल बिहार में था। जैसे



महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई, वैसी ही कोशिश बिहार में भी हो रही है। चुनाव चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साज़िश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा की तरह काम कर रहा है, अपना काम नहीं कर रहा। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। उन्होंने कहा कि कोई नहीं जानता कि ये मतदाता कौन थे और कहाँ से आए। हमने चुनाव आयोग से कई बार मतदाता सूची और वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने को कहा। लेकिन चुनाव आयोग ने हमें ये नहीं दिए। वे बिहार में भी वही चोरी करने जा रहे हैं जो महाराष्ट्र में की गई थी। मैं कल बिहार गया था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन के नेताओं के साथ मैंने कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अडानी ओडिशा सरकार चलाते हैं, अडानी नरेंद्र मोदी चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकलती है, जब जगन्नाथ यात्रा के रथ खींचे जाते हैं, तो लाखों लोग इसे देखते हैं और इसके पीछे चलते हैं। फिर, एक नाटक होता है - अडानी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडानी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी ज़मीन, जंगल और भविष्य को लूटना है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि BJP आपसे जल, जंगल, जमीन चुराना चाहती है।

# 8 महिला समेत 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर



**नारायणपुर,11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में एक ओर नक्सलवाद के खिलाफ अभियान जारी है, वहीं दूसरी ओर उनके पुनर्वास की नीति को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है. इस बीच शुक्रवार को 22 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया. इनमें 8 महिला नक्सली भी शामिल हैं. ये सभी अबूझमाड़ क्षेत्र में सक्रीय थे. जानकारी के मुताबिक, पुलिस के लगातार दबाव, मुठभेड़ों में बड़े नक्सली नेताओं के मारे जाने और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. इनमें 8 महिला नक्सली शामिल हैं. सरेंडर करने वाले सभी नक्सली आमदई, नेलनार और कुतुल एरिया कमेटी में सक्रिय थे. लंबे समय से संगठन में रहकर आईईडी प्लांट, पुलिस मूवमेंट ट्रेस, जनताना सरकार के विस्तार करने जैसे गतिविधियों में शामिल थे. बता दें कि इस वर्ष अब तक 110 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं. इन सभी पर कुल 37,50,000 रुपए का इनाम रखा गया था.

# बोर खनन वाहन खाई में गिरा, 4 की मौत

**कवर्धा,11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया. मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही बोर वाहन दुर्घटना का शिकार हो गई. वाहन गहरे खाई में जा गिरी. भयावह हादसे के बाद चार मृतकों के शव बरामद किए गए हैं. 8 लोगों वाहन के नीचे दबे हुए हैं. मौके पर रेस्क्यू जारी है. जानकारी के मुताबिक, बोर वाहन मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी. इसी दौरान कुकदूर थाना क्षेत्र के अगरपानी चाटा में वाहन अनियंत्रित होकर गहरे खाई में गिर गई. सूचना पर पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गया है. घटनास्थल से चार लोगों के शव बरामद किए गए हैं. वहीं 8 लोग वाहन के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालने की कोशिश जारी है.



### उज्जैन, ओंकारेश्वर मेरठ और देवघर में उमड़े शिव भक्त

**उज्जैन/खंडवा/देवघर ,11 जुलाई।** सावन मास के पहले दिन देशभर के शिव मंदिरों में भक्ति का उत्साह चरम पर है। उज्जैन, खंडवा और देवघर में लाखों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़े हैं। मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

मध्य प्रदेश के उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के मंदिर में सावन के पहले दिन विशेष भस्मारती की गई।

### ऑपरेशन सिंदूर पर अजित डोभाल का बड़ा बयान

# हमारा एक कांच भी नहीं टूटा

**नई दिल्ली,11जुलाई।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने स्वदेशी रक्षा तकनीक विकसित करने के महत्व पर ज़ोर दिया और साथ ही पाकिस्तान के भीतर किए गए एक बेहद सटीक आतंकवाद-रोधी अभियान का ब्यौरा भी साझा किया। चेन्नई में आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में बोलते हुए, डोभाल ने इस अभियान की सफलता की सराहना की और रक्षा क्षमताओं में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता को रेखांकित किया। इस अभियान का ज़िक्र करते हुए, डोभाल ने खुलासा किया कि भारत ने सीमावर्ती क्षेत्रों से दूर, पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में स्थित नौ आतंकवादी ठिकानों की पहचान की और उन पर सफलतापूर्वक हमला किया। डोभाल ने इस अभियान को भारत की ख़ुफ़िया जानकारी और संचालन संबंधी सटीकता का प्रदर्शन बताते हुए कहा कि हमने कोई भी निशाना नहीं छोड़ा। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं लगाया। यह इतना सटीक था कि हमें पता था कि कौन कहाँ है।

उन्होंने आगे कहा कि पूरा ऑपरेशन सिर्फ़ 23 मिनट में अंजाम दिया गया, जिससे गलती



की कोई गुंजाइश नहीं रही और कोई अनचाहा नुकसान नहीं हुआ। भारत के रणनीतिक अभियानों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को संबोधित करते हुए उन्होंने चुनौती दी। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए जिसमें भारत को हुआ कोई नुकसान दिखाई दे। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कवरेज पर कटाक्ष करते हुए, डोभाल ने बताया कि कैसे द न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख प्रकाशनों ने इस घटना पर विस्तार से लिखा था, लेकिन उपलब्ध उपग्रह चित्रों से कुछ और ही हकीकत सामने आई। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 हवाई अड्डे दिखाई दे रहे थे - भारतीय ठिकानों पर एक भी खरोंच नहीं। यही सच्चाई है। डोभाल ने भारत की रक्षा प्रणालियों में इस्तेमाल होने वाले स्वदेशी घटकों का ज़िक्र करते हुए 'सिंदूर' का भी ज़िक्र किया। उन्होंने रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता के लिए और ज़्यादा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री शामिल है। एक अधिक व्यक्तिगत और दार्शनिक भाव से, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भारत की सभ्यता यात्रा का उल्लेख किया और युवा पीढ़ी से अपने पूर्वजों के संघर्षों पर चिंतन करने का आग्रह किया।

# ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़

**खैरागढ़.,11 जुलाई।**

ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए खैरागढ़ पुलिस ने 'शिवा बुक' ऑनलाइन सट्टा एप की नागपुर ब्रांच को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई में सट्टा रैकेट से जुड़े छह आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य संचालक समेत कुछ आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपए नगद, 2.28 लाख रुपए बैंक खातों से, 25 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 26 एटीएम कार्ड, 19 बैंक पासबुक, 14 चेकबुक, 8 आधार कार्ड, पासपोर्ट, वाई-फाई राउटर और सट्टे के हिसाब-किताब के रजिस्टर समेत करीब 7.5 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने बैंक खातों और यूपीआई के माध्यम से करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन



किया है, जिसे पुलिस ने सीज कर दिया है। एसपी लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर सायबर सेल और थाना छुईखदान की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नागपुर में दबिश दी। एक फ्लैट में मोबाइल और लैपटॉप के जरिए ऑनलाइन गेमिंग एप पर सट्टा खिलाया जा रहा था। फ्लैट से आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया, जो 'शिवा बुक' एप पर देश के विभिन्न राज्यों में सट्टा एप संचालित कर रहे थे। देशभर में ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के तार पहले भी 'महादेव बुक' और 'अन्ना रेड्डी' जैसे बड़े रैकेट से जुड़े रहे हैं, जिनके लिंक दुबई तक पाए गए हैं। तथ्य यह भी सामने आया है कि महादेव बुक, अन्ना रेड्डी, लोटस, शिवनाथ और अब शिवा बुक जैसे एप असल में एक ही सोर्स कोड और सर्वर से ऑपरेट होते हैं। शातिर ठग बस इन एप्स के नाम बदलकर अलग-अलग पहचान के साथ एक ही अवैध नेटवर्क को संचालित करते हैं। आसान भाषा में कहें तो यह ऑनलाइन सट्टा एक ही सोर्स कोड पर चलता है, बस सर्वर, नाम और लोगो बदलकर पुलिस और जनता को गुमराह कर नए ग्राहकों को फंसाते रहते हैं।

**दुर्ग का रहने वाला है नेटवर्क का मुख्य संचालक, खोजबीन में जुटी पुलिस**-एजेंसियों के अनुसार यह नेटवर्क हवाला, ड्रग्स और बिटकॉइन के संदिग्ध लेनदेन में भी शामिल रहा है। खैरागढ़ पुलिस जब्त डेटा और बैंक डिटेल्स की जांच कर रही है.

# नेतन्याहू के नए फरमान से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली,11 जुलाई।** हिब्रू बोलने वाले इजरायल के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया गया है। अहम खबर यह है कि सामने आ रही जानकारी के अनुसार, इजराइल अब कुरान और अरबी भाषा को भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल करेगा। इजरायल से एक ऐसी खबर आई है जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है।

भारत के लोग भी ये समझ ही नहीं पाए कि इजरायल ने ये कैसा ऐलान कर दिया है। दरअसल, इजरायल की सेना अब इस्लाम की शिक्षा लेगी। कुरान पढ़ेगी और अरबी भाषा सीखेगी। इजरायली आर्मी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने अपने सभी खुफिया सैनिकों और अधिकारियों के लिए कुरान के अध्ययन को अनिवार्य बना दिया है। हिब्रू बोलने वाले इजरायल के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया गया है। अहम खबर यह है कि सामने आ रही जानकारी के अनुसार, इजराइल अब कुरान और अरबी भाषा को भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल करेगा। इजराइली सरकारी चैनल से मिली जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2023 में हमास द्वारा इजराइल पर एक बड़ा हमला किया गया था। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला खुफिया सेवाओं की गलती के कारण हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सैन्य अधिकारी और मोसाद अधिकारी अरबी भाषा जानते होते तो हमला नहीं होता। इसलिए, अब इजरायल ने आदेश जारी किया है कि उसके अधिकारियों को जल्द से जल्द अरबी सीखनी होगी। जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार, इज़राइल चारों ओर से मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है। इज़राइल के पड़ोसी देश जॉर्डन, तुर्की, सऊदी अरब, यमन और लेबनान जैसे देश हैं।

एक नजर

## तोर संग मया होगे में पकलू 85 व हिरनमयी दास की रोमांटिक जोड़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दीवानों के लिए खुशखबरी है। बहुप्रतीक्षित फिल्म तोर संग मया लागे 11 जुलाई से प्रदेश के सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में धमाकेदार एंट्री करने जा रही है। उत्तम तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भरपूर पारिवारिक फिल्म है। निर्माता सोमेश केशरवानी, सागर केशरवानी, मदन कहरा, और उत्तम तिवारी की इस मसाला फिल्म में रोमांस, एक्शन, इमोशन के साथ,पारिवारिक,नोक-झोंक का तड़कता-भड़कता मिश्रण है,जो हर वर्ग के दर्शकों को सिनेमाघरों में खींच लाने का दम रखता है। निर्माता सागर केशरवानी ने बताया, फिल्म को,रायपुर श्याम सिनेमा व मल्टीप्लेक्स सहित प्रदेश के अधिकतम सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का संगीत स्वयं निर्देशक उत्तम तिवारी के द्वारा तैयार किया गया है, जिसे प्रफुल्ल बेहरा ने म्यूजिक अरेंजमेंट के साथ और निखारा है। गानों में सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, चंपा निषाद, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, श्रद्धा मंडल, और कंचन जोशी की सुरीली आवाज ने जादू बिखेरा है। दिलीप बैस और नंदू मास्टर (ओडिशा) की कोरियोग्राफी ने गानों को विजुअल ट्रीट बना दिया है, जो दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देगा।

## प्रशिक्षण प्रदाता के लिए 21 तक आवेदन

**बलौदाबाजार।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, बलौदाबाजार-भाटापारा में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत विभिन्न सेक्टरों में ट्रैनिग पार्टनर, प्रशिक्षण प्रदाता नियुक्ति हेतु 21 जुलाई 2025 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित है।आवेदन संयुक्त जिला कार्यालय, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कक्ष क्रमांक 70 जिला बलौदाबाजार के पते पर डाक के माध्यम से भेज सकते है।अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## 458 पशुओं में लगाए गए रेडियम पट्टी व बेल्ट



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर बैठे घुमन्तु पशुओं से होने वाले दुघर्टना को रोकने हेतु रेडियम बेल्ट एवं रेडियम पट्टी लगाने अभियान चलाया जा रहा है। विगत दो दिनों में विभाग द्वारा 458 पशुओं में रेडियम पट्टी व रेडियम बेल्ट लगाया गया है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह ने स्वयं सेवी संस्थानों, नगरीय निकाय, जनपद तथा ग्राम स्तर पर लोगों से इस कार्य में सहयोग करने एवं समस्त पशुपालकों से अपने पशुओं को सडको पर ना छोडने की अपील की है।

## मंदिर से मूर्ति चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के थाना बसंतपुर अंतर्गत चौकी वाड्रफनगर क्षेत्र के एक मंदिर से पार्वती माता की संगमरमर की मूर्ति चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की गई मूर्ति भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर के वार्ड क्रमांक नौ निवासी जैनेंद्र मिश्रा बाजारपारा स्थित शंकर मंदिर के पुजारी हैं। उन्होंने चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि पांच जुलाई की रात लगभग नौ बजे वे पूजा-अर्चना के बाद मंदिर का दरवाजा बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो दरवाजा खुला पाया और मंदिर के गर्भगृह से संगमरमर की बनी माता पार्वती की मूर्ति गायब थी। जांच के दौरान पुलिस को करमडीहा निवासी छोटेलाल कनौजिया (46) पर संदेह हुआ, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपित ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने ही मंदिर से मूर्ति चुराकर उसे वाड्रफनगर के वार्ड क्रमांक चार स्थित अपने घर में छिपाकर रखा था। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई मूर्ति बरामद कर ली। इसके बाद छोटेलाल कनौजिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## ग्राम बगदई एवं भर्रीटोला में लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित

**बालोद।** केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बगदई एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भर्रीटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभन्वित किया गया। आज आयोजित शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आय, जाति प्रमाण पत्र आदि की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# तहसीलदार छुरिया ने लगाई अवैध निर्माण पर रोक

## शासकीय जमीन पर खसरा नं.-407 पर कब्जा करने का मामला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया।** नगर पंचायत के वार्ड नं. 3 के एक नागरिक राजकुमार बर्वे पिता विश्वनाथ बर्वे द्वारा शासकीय भूमि पर कुआं को पाटकर अवैध कब्जा करके मकान निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध नगर के जसीम कुरैशी ने माननीय तहसीलदार छुरिया के न्यायलय में लिखत आपत्ति दर्ज कराई थी। तहसीलदार छुरिया द्वारा मौके पर अपने कर्मचारियों को मुआयना करने भेजा जिसमें पटवारी द्वारा मुआयना कर अपनी रिपोर्ट पेश की जिसमें जसीम कुरैशी द्वारा की गई आपत्ति को सही पाया गया। पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर श्रीमान तहसीलदार छुरिया द्वारा राजकुमार बर्वे पिता विश्वनाथ बर्वे ने जो आवेदित भूमि खसरा नं. 407 घास एवं छोटे झाड़ एवं शासकीय कुंआ को मलबे से पाटकर उस पर मकान बनाने के लिये शासकीय भूमि पर कब्जा किया था उसे किसी भी निर्माण कार्य के लिये निषेधित किया है।

कसी भी प्रकार के निर्माण कार्य को नहीं करने राजकुमार बर्वे पिता विश्वनाथ बर्वे को आदेशित किया है और किसी भी प्रकार की आपत्ति के लिये 7 दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता हैं कहा गया

इस प्रकार से नगर के एक जागरूक नागरिक जसीम कुरैशी की मेहनत और लगन से शासकीय भूमि पर कब्जा करने और अवैध निर्माण पर रोक लगी। श्रीमान तहसीलदार छुरिया की इस जनहितैषी कार्यवाही की पूरे नगर में प्रसंशा हो रही है।

## बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट



**बलौदाबाजार।** मानसून के तेजी से सक्रिय होने से जिले में पिछ्ले कुछ दिनों से तेज बारिश हो रही है जिससे नदी- नाले का जल स्तर काफी बढ़ गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में हो रही लगातार वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्थिति पर नजर बनाए हुए है और सम्बंधित अधिकारियों से पल -पल की जानकारी लेते हुए बाढ़ तथा आपदा से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये हैं।उन्होंने भाटापारा में शिवनाथ नदी पर सेमरिया घाट पुल, महानदी में अमेठी घाट सहित अन्य पुलों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में प्रशासन की टीम को तैनात रहने और बाढ़ वाले सम्भावित स्थानों में लगातार मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने निर्देश दिये है। इसके साथ ही सभी तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के निर्देश दिए है।

## तीन सवारी 27 वाहन चालकों पर कार्रवाई 8100 समन शुल्क किया गया वसूल



**बलौदाबाजार-भाटापारा।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 09.07.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 27 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 8100 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 43 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?21,500 समन शुल्क वसूल किया गया है। इसके साथ ही नो-पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ?6000 समन शुल्क वसूला गया है। दिनांक 09.07.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 127 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 64,200 समन शुल्क वसूल किया गया है

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## शिक्षक आपके जीवन का मार्ग सुगम बनाते हैं : किरण

### शिक्षक विदाई व सम्मान समारोह में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष



**छुरिया।** जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम पंडरीपथरा में श्री जगबीर जामुर्या प्रधानपाठक शा.प्रा.शाला सेवानिवृत्त शिक्षक के बिदाई समारोह कार्यक्रम में शामिल हुई।इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला महामंत्री रामकुमार मंडावी व डोमन पटेल भी उपस्थित रहे। मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक एक समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे युवाओं बेटियों को शिक्षा और ज्ञान प्रदान करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। वे हमें सही और गलत के बीच का अंतर सिखाते हैं, और हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करते हैं। इसलिए, शिक्षकों को सम्मान देना और उनकी भूमिका को समझना बहुत महत्वपूर्ण है। वे हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे हमें एक बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं। आज जीवन के सफर में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जो हमें भावनाओं के गहरे समंदर में डुबो देते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण और भावुक अवसर होता है।इस अवसर पर रामकुमार मंडावी, डोमन पटेल महामंत्री मंडल भाजपा गैंदाटोला,बेदबाई पोर्ते संरपच गहिराभेड़ी,कुमार साय साहु अध्यक्ष शाला विकास समिति, इंन्द्र कुमार सार्वा उप संरपच,एस कुमार सिन्हा,पुनाराम सिन्हा,रेवाराम साहु,लेखराम बघेल, राधेलाल सिन्हा,सगुन लाल, रामकुमार सिन्हा, प्रेमलाल साहु सहित शिक्षक शिक्षिकागण व ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## केन्द्रीय विद्यालय बेमेतरा को मंजूरी

**बेमेतरा।** भारत सरकार द्वारा नागरिक/रक्षा क्षेत्र में 85 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के निर्णय के अंतर्गत बेमेतरा जिले को एक नई सौगात मिली है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी आदेश के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय बेमेतरा की स्थापना को स्वीकृति मिल गई है, और यह विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 से संचालन प्रारंभ करेगा। नए केन्द्रीय विद्यालय के संचालन के लिए बेमेतरा के शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय भवन, बावामोहतरा तहसील-बेमेतरा को नामांकित स्थान के रूप में चयनित किया गया है। भूमि हस्तांतरण एवं उपयुक्त अस्थायी भवन की उपलब्धता के बाद विद्यालय का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक (प्रत्येक कक्षा में एक-एक सेक्शन) संचालित होगा, तथा भविष्य में कक्षाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## भाजपा तिल्दा शहर मंडल ने किया शिक्षकों का सम्मान



**तिल्दा।** भाजपा तिल्दा शहर मंडल के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं के द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के गुरुओं का सम्मान किया गया जिसमें खेल, योग, शिक्षा, संगीत ,के क्षेत्र में काम कर रहे शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान साल, श्री फल और तिलक लगाकर उन्हें नमन करते हुए सम्मान किया गया संकुल स्तरीय सासाहोली हाई स्कूल, बीएनबी हाई स्कूल, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम, मैं कार्यरत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया भाजपा तिल्दा शहर मंडल में निवासरत भाजपा प्रदेश, जिला, मंडल ,मोर्चा ,प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री ,राम पंजवानी जिला उपाध्यक्ष,नरेंद्र शर्मा वरिष्ठ, ईश्वर यदु सभापति, डॉक्टर खुमान वर्मा अध्यक्ष प्रतिनिधि नपा ,मनोज निषाद मंडल अध्यक्ष, सौरभ जैन शहर महामंत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे सभी ने कार्यक्रम को संबोधित किया श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु के बिना जीवन अंधकार है गुरु का सम्मान आदिकाल से हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं और हमें भी गुरुओं के शरण में ही मोक्ष मिलना है गुरु ही साक्षात देवता है जिन गुरु जनों का सम्मान हुआ प्रमुख रूप से प्राचार्य सुभाष शर्मा, प्राचार्य राजेश चंदानी , प्राचार्य दुष्यंत सोनी, ने भाजपा के द्वारा इस सम्मान कार्यक्रम के लिए आभार करते हुए कहा कि यह बीजेपी का विचारधारा और संस्कार है जो गुरुजनों का सम्मान कर रहे हैं निश्चित ही इस प्रकार के कार्यक्रम और सम्मान से और भी संगठनों को और बच्चों को इससे सिख मिलेगी कार्यक्रम में विनोद नेताम सभापति, संतोष यदु सभापति, श्रीमती रानी सौरभ जैन सभापति ,दिनेश कुमार साहू पार्षद ,प्रेम कोसले, दौलत चक्रधारी ,शिव वर्मा ,गोपाल साहू, गायकवान बंजारे, सुरेश लखवानी, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं के साथ पालक उपस्थित रहे

## हायर सेकंडरी में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



**तिल्दा नेवरा।** डॉ.बलराम उधव दास टहिलियानी द्वारा प्रायोजित बी.एन बी शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरानंद हरिरामानी,मुख्यअतिथि खेमचंद विरानी ,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा द्वारा की गई।

कार्यक्रम में डॉक्टर बलराम द्वारा तिल्दा क्षेत्र में सर्वाधिक अंकों के साथ हाई एवं हायर सेकेंडरी 2025में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तीन बालको और तीन बालिकाओं कुल 12 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं 500 की सम्मान राशि और हिन्दी में गीता प्रदान की गई ।साथ ही श्रीमती रानी सौरभ जैन सभापति शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति नगरपालिका तिल्दा नेवरा द्वारा भी इन विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोती की माला पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया ।उन्होनेंबच्चों को भविष्य में इसी तरह मेहनत कर बहुत अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर सर्वप्रथम शिक्षकों का सम्मान सौरभ जैन एवं श्रीमती रानी जैन ,राम पंजवानी, पार्षद दिनेश व ईश्वर यदु,मनोज निषाद द्वारा तिलक लगाकर सभी शिक्षकों को शाल से सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## 60 लीटर कच्ची शराब जब्त



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग रायपुर तथा जिला आबकारी टीम बलौदाबाजार द्वारा सबरिया डेरा पथरी, टुण्ड्रा में सुबह संयुक्त कार्रवाई में लगभग 2000 किलो महुआ लाहन बाजार मूल्य 100000 रुपये तथा 5 लीटर क्षमता के 12 प्लास्टिक डब्बो में भरा 60 लीटर अवैध कच्ची मदिरा जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर विशेश्वर साव, सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं संयुक्त आबकारी टीम के आरक्षक गण की विशेष भूमिका रही।

## भाजपा नवापारा हथबंद मंडल ने किया गुरुओं का सम्मान



**सिमगा।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भाजपा नवापारा हथबंद मंडल ने रेशमलाल अनंत सेवानिवृत्ति हेडमास्टर के निवास पर गुरुओं का सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ दौलतराम पाल उपस्थित थे। गुरुओं को दिया गया सम्मान भाजपा नवापारा हथबंद मंडल ने गुरुओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया था। डॉ. दौलतराम पाल ने इस अवसर पर कहा कि गुरुओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने हमें ज्ञान और शिक्षा प्रदान की है और हमें सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल नवापारा हथबंद के उपाध्यक्ष बनने पर कल्याण ध्रुव को साल भेट कर डॉ दौलत राम पाल के द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं भाजपा नवापारा हथबंद मंडल ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरुओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गुरुओं के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा डॉक्टर दौलतपाल, सरपंच ढलेश्वरी नरेश अनंत, पुर्व सरपंच विद्या वर्मा, शाला समिति उपाध्यक्ष जीतू यादव,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद ,कल्याण ध्रुव ,मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल , सोशल मीडिया प्रभारी धनीराम रजक,पंच मूलचंद टंडन ,संतराम ध्रुव ,अन्य पंच ग्रामीण अवधराम ध्रुव संतराम, देवदास ,रूपचंद पाटिल भारत चतुरे, दुलेश्वर अनंत,मुक्तेश्वर ,समीर अनंत, छात्र,छात्राए आदि उपस्थित थे।

## एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन आवश्यक

**बालोद।** उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए 'कृषक उन्नति योजना' प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने दलहन, तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। जो कृषक एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराये है उन्हीं कृषकों को कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना का लाभ हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक बोये गए फसलों का पंजीयन, संशोधन कराना आवश्यक है।

## विधायक ने चौपाल लगाकर ली खाद एवं बीज की जानकारी



**सिमगा।** पौंसरी समिति के किसानों ने समय पर बीज नहीं मिलने की शिकायत करते हुए कहा कि बोनी के समय किसानों को बीज नहीं मिला वही स्थिति खाद की बनी हुई है किसानों को डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद वितरित किया जा रहा है जो की डीएपी से 400 रूपए महंगा है जिसे किसान मजबूरी वस खरीद रहा है समिति के व्यवस्थापक ने यूरिया, पोटाश, राखड़ एवं एनपीके खाद उपलब्धता की जानकारी दी समिति अध्यक्ष श्री परस पटेल ने विधायक इन्द्र साव का स्वागत करते हुए समिति में कीचड़ एवं बाउंड्री वाल की समस्या से अवगत कराया वहीं पौंसरी के ग्राम वासियों ने लो वोल्टेज की समस्या रखी बिनैका के किसानों ने नहर के ऊपर पुल की मांग की औरठी के किसानों ने सड़क मरम्मत करने की बात से विधायक को अवगत कराया कामता समिति में किसानों ने डीएपी एवं एनपीके दोनों खाद नहीं होने की बात की व्यवस्थापक ने यूरिया,राखड़ पोटाश उपलब्ध होने की जानकारी दी नवागांव के किसानों ने खाद एवं बीज दोनों नहीं मिलने की शिकायत विधायक से की वही कामता के किसानों ने स्वास्थ्य केंद्र में नर्स एवं स्कूल में शिक्षकों की कमी से भी विधायक को अवगत कराया।

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा एक और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी किसानों की आय दुगनी करने की बात कहते हैं वहीं छत्तीसगढ़ के डबल इंजन की सरकार किसानों को बीज एवं खाद उपलब्ध नहीं कर पा रही खरीफसीजन में किसान धान की फसल के लिए खेती में जुट गए हैं लेकिन जिले की सहकारी समितियों में खाद बीज उपलब्ध नहीं है इसके चलते उन्हें बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं अधिकारियों ने डीएपी की कमी स्वीकारते हुए एनपीके खाद देने की बात कही लेकिन एनपीके खाद की उपलब्धता नहीं होने पर यह चिंता का विषय है सरकार कृषि कार्य शुरू होने के पहले ही खाद बीज का भंडारण कर लेने का दावा कर रही है मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही है किसानों को डीएपी की जगह एनपीके का उपयोग करना पड़ रहा है जिससे किसानों को 400 से 500 रुपए अतिरिक्त देना पड़ रहा है यदि सरकार समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा पाई तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ने को तैयार है उक्त अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधी ईश्वर सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया,सत्यजीत शेंडे ,जनपद प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू, औरठी सरपंच नरेश साहू, बिनैका सरपंच मुकेश बंजारे, नवागांव के उप सरपंच शिवकुमार साहू,झिरीया उपसरपंच महेंद्र साहू, पौंसरी उप सरपंच राजकुमार जांगड़े ,शेषनारायण साहू, पूर्व सरपंच अश्वनी बारले,रमऊ यादव,दाऊराम यदु,धनीराम साहू, लीलू साहू, टीपू टंडन, पौंसरी सोसाइटी अध्यक्ष परस पटेल, सुखनंदन साहू,कंसराम साहू,कलाराम ध्रुव,छोटकू साहू, गणेशबैगा, रामानंद साहू ,कंस राम साहू, रामनरेश साहू, रामानंद निषाद, मेहत्तरू निषाद, राम जी साहू आदि बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## राजसात वाहनों की नीलामी से हुई 19.84 लाख राजस्व की प्राप्ति



**बलौदाबाजार-भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विभिन्न थाना एवं चौकी में लदावा वाहनों, आबकारी एक्ट एवं पशु क्रूरता अधिनियम के मामलों में जप्त वाहनों का न्यायालय द्वारा आदेश होने उपरांत शासन के पक्ष में राजसात करने हेतु आदेशित किया गया था, जिसके लिए उक्त राजसात वाहनों एवं लदावा वाहनों की नीलामी प्रक्रिया आयोजित किया जाना था। 10.07.2025 को नोडल अधिकारी एसडीएम बलौदाबाजार, एसडीओपी भाटापारा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात बलौदाबाजार, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार बलौदाबाजार, रक्षित निरीक्षक बलौदाबाजार एवं एमटीओ रक्षित केंद्र की कमेटी का गठन कर नीलामी प्रक्रिया पुलिस लाइन परिसर बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान नीलामी में बारी-बारी से 01 से लेकर 275 वाहनों के लिए खुली बोली लगाई गई जिसमें, कुल 380 प्रतिभागियों द्वारा बोली लगाई गई। संपूर्ण प्रक्रिया में लोगो द्वारा कुल 19,84,700 रकम की बोली लगाई गई।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट ने तो रोक नहीं लगाई

कई विपक्षी दल सहित एनजीओ सुप्रीम कोर्ट गए थे और मांग की थी कि बिहार चुनाव के पहले चुनाव आयोग मतदाता सूची शुध्दीकरण कर रहा है,वह असंवैधानिक है,उस पर रोक लगाई जाए। मतदाता शुध्दीकरण के लिए वह जो कागजात मांग रहा है, वह लोगों के पास नहीं है, यह काम उसे बहुत पहले करना था,वह अब कर रहा है,इस काम के लिए समय कम है, काम जल्दी में किया जाएगा, इससे कई लोग मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं। चुनाव आयोग अपने काम के दौरान लोगों से नागरिकता के दस्तावेज मांग रहा है यानी वह लोगों से कह रहा है कि वह नागरिक होने से दस्तावेज दें। यह अधिकार उसके पास नहीं है। नागरिकता की जांच करने का काम तो गृहमंत्रालय का है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में जो 11 दस्तावेज मांगे हैं, उसमें आधार, वोटर आईडी,राशन कार्ड को जोड़ा जाए। गुरुवार को दोनो पक्षों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि चुनाव आयोग जो काम कर रहा है, वह संवैधानिक है, यह काम करना उसका अधिकार है, यह काम उसे कैसे करना है, यह भी उसका अधिकार है। इसलिए वह चुनाव आयोग के काम में कोई दखलंदाजी नहीं कर सकता यानी उस पर वह किसी तरह की रोक नहीं लगा सकता। उसने चुनाव आयोग को सुझाव दिया है कि जब विपक्षी दल चाहते हैं कि 11 दस्तावेज में आधार कार्ड, वोटर आईडी व राशन कार्ड को शामिल कर सकता है। उसने यह साफ कर दिया है कि यह उसका आदेश नहीं है, यह उसका सुझाव है यानी चुनाव इसे ठीक समझे तो करे ठीक नहीं समझता है तो न करे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले साफ हो जाता है कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी दलों की याचिका के मुताबिक चुनाव आयोग के काम पर कोई रोक लगाने से मना कर दिया। यह विपक्षी दलों की हार है। लेकिन विपक्षी दल अपनी हार को स्वीकार नहीं कर रहे हैं, वह कह रहे हैं कि वह तो दस्तावेज में आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड को शामिल करने की मांग कर रहे थे और सुप्रीम कोर्ट ने यह सुझाव दिया है, यह हमारी जीत है। वहीं दूसरा पक्ष सुको के रोक नहीं लगाने को अपनी जीत बता रहा है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए रहेगा। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा, जिससे आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। राजनीति में भी आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

वृषभ आज आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे, जिससे रिश्तों में यदि कुछ कड़वाहट आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप किसी अजनबी की बातों में आकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट ना करें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको पिताजी को कोई सेहत संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। आप अपने घर के निर्माण का भी कार्य शुरू कर सकते हैं।

मिथुन आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। धर्म-कर्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। धार्मिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपकी किसी बात को लेकर अपने भाइयों से कहासुनी होने की संभावना है। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन आपको किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध करने से बचना होगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने किसी परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। व्यवसाय में कोई तकनीकी समस्या के कारण कुछ कठिनाइयां आएंगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आपको अपने जूनियर से काम को लेकर मदद लेनी पड़ सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप फलदायक रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आपको अपने सरकारी कामों को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपने आर्थिक मामलों में लापरवाही करने से बचना होगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप बिजनेस में भी कामों को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा और आप अपनी वाणी पर संयम रखें। आपकी इनकम तो बढ़ेगी, लेकिन खर्च भी उसी हिसाब से होंगे, जो आपको परेशानी देंगे। दोस्तों व सगे संबंधियों से निकटता आएगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपनी संतान के मन में चल रही समस्याओं को भी दूर करने की कोशिश करेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिलने से आप कहीं बाहर जा सकते हैं।

तुला आज का दिन आपके लिए आय के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होगा। करीबियों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपकी सेहत में भी कुछ उतार-चढ़ाव बने रहेंगे। आप अपने विरोधियों से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। सरकारी कामों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप किसी नई संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी सहयोग बना रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे। आप ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होगी।

धनु आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। प्रेम जीवन में आपको आपसी तालमेल बनाकर चलना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन शेयर मार्केट में आपको कोई जोखिम भरा काम करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें, जिससे आपके बॉस आपके प्रमोशन पर रोक लगा सकते हैं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

मकर आज का दिन आपके लिए जमीन-जायदाद के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका कोई अटका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा। आपके बिजनेस की कोई अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है, लेकिन उसके लिए आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। आप अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपको जीवनसाथी की ओर से सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। परिवार में यदि कोई वरिष्ठ सदस्य आपको काम को लेकर कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें।

कुंभ आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आप अपनी नौकरी में अच्छी सफलता मिलने से काफी खुश रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे और उन्हें कहीं घूमने भी लेकर जा सकते हैं। आपको कुछ अजनबी लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। पारिवारिक मामलों को लेकर आप परेशान रहेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

मीन आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके मन में कुछ कामों को लेकर टेंशन रहेंगी, लेकिन आपको कुछ नई इनकम भी बढ़ेगी। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप प्रतिद्वंदियों को भी आसानी से मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को आप आसानी से पूरा करेंगे। आप किसी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। माता जी से यदि किसी बात को लेकर वाद विवाद चल रहा था,

## चर्चित मुद्दा

# जब छात्र हत्यारे बन जाएं, चेतावनी का वक्त

**हिसार में शिक्षक जसवीर पातू की हत्या केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि हमारे समाज की संवादहीनता, विफल शिक्षा व्यवस्था और गिरते नैतिक मूल्यों का कठोर प्रमाण है। आज का किशोर मोबाइल की आभासी दुनिया में जी रहा है, जबकि घर और विद्यालय दोनों में उपेक्षित है। मानसिक तनाव, संवाद की कमी और नैतिक शिक्षा के अभाव ने उसे असंवेदनशील बना दिया है। यह घटना एक चेतावनी है कि यदि अब भी हम माता-पिता, शिक्षक और समाज मिलकर समाधान नहीं खोजे, तो शिक्षा का भविष्य गहरे संकट में है।**

प्रियंका सौरभ



हिसार में शिक्षक जसवीर पातू की निर्मम हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना कोई साधारण आपराधिक कृत्य नहीं है, बल्कि यह हमारे गिरते नैतिक मूल्यों, संवादहीन परिवार व्यवस्था, और संवेदनहीन शिक्षा प्रणाली का कठोर दर्पण है। जब एक छात्र ही अपने शिक्षक का हत्यारा बन जाए, तो यह केवल व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज का पतन है। आज विद्यालय शिक्षा का मंदिर नहीं, बल्कि हिंसा, डर और असुरक्षा का केंद्र बनते जा रहे हैं। शिक्षक, जो कभी मर्यादा, संयम और अनुशासन के प्रतीक माने जाते थे, अब अपने ही छात्रों से भयभीत रहने लगे हैं। क्या यही है आधुनिक शिक्षा की सफलता? क्या इसी दिन के लिए हमने विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं और डिजिटल पठन-पाठन का विस्तार किया था? इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि हमारे बच्चे इतने क्रूर कैसे हो गए? उनके भीतर सहनशीलता, करुणा और विवेक की जगह गुस्सा, हिंसा और प्रतिशोध ने क्यों ले ली है? इसका उत्तर हमें विद्यालयों या सरकार से नहीं, बल्कि अपने घरों और आत्मचिंतन में खोजना होगा। आज का बच्चा मोबाइल की स्क्रीन में दुनिया ढूंढ रहा है। माता-पिता उसके पास होते हुए भी उसकी दुनिया से दूर हैं। भोजन करते समय, यात्रा करते समय या घर पर बैठते समय भी वह किसी वीडियो, खेल या आभासी मित्र के साथ जुड़ा होता है। उसका वास्तविक जीवन धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है और वह एक कृत्रिम आक्रोशपूर्ण दुनिया में जी रहा है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा अब केवल पुस्तकों तक सीमित रह गई है। 'सत्य', 'अहिंसा', 'क्षमा' जैसे शब्द अब पाठ्यपुस्तकों की शोभा बनकर रह गए हैं। न शिक्षक के पास समय है, न पालकों के पास धैर्य, और न समाज के पास कोई दिशा। बच्चों के भीतर जो आक्रोश पनप रहा है, वह इसी उपेक्षा और संवादहीनता की उपज है। मन के भीतर जब दर्द, कुंठा और अस्वीकार का जहर भरता है, तो वह या तो आत्मघात की ओर ले जाता है या फिर हत्या की ओर। और जब यह जहर एक किशोर के भीतर भर जाए, तो परिणाम वही होता है जो हमने जसवीर पातू की हत्या के रूप में देखा। मनोरोग विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि किशोरों में बढ़ती हिंसा का कारण संवाद की कमी है। वे अपनी बात कहने, ग़लतियों को साझा करने, और मदद मांगने में संकोच करते हैं। माता-पिता अक्सर बच्चों को डांटते हैं या नकारते हैं, जिससे बच्चा आंतरिक रूप से विद्रोही बनता चला जाता है। विद्यालय में भी उसे एक अंक, एक परीक्षा, एक प्रदर्शन से ही मापा जाता है। उसके मनोभावों, उसकी मानसिक स्थिति और उसके व्यवहार पर कोई ध्यान नहीं देता। क्या हम यह भूल गए हैं कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री दिलवाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है? और चरित्र निर्माण तब तक संभव नहीं जब तक शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास न हो, माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद न हो, और समाज के भीतर मूल्य आधारित सोच का विस्तार न हो। प्रशासन की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। जब तक कोई घटना नहीं होती, तब तक सब कुछ सामान्य माना जाता है। लेकिन जब कोई शिक्षक मारा जाता है, तब ज्ञापन दिए जाते हैं, धरने होते हैं, और कुछ समय बाद फिर सब भुला दिया जाता है। यही चक्र लगातार दोहराया जा रहा है। शिक्षक अब अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रशासन से गुहार कर रहे हैं। विद्यालय संचालक बोर्ड अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन क्या केवल कार्रवाई से यह समस्या सुलझ जाएगी? हमें मूल में जाकर देखना होगा कि बच्चों के मन में यह हिंसा कैसे जन्म लेती है। हमारे विद्यालयों में मानसिक परामर्शदाता होना चाहिए, प्रत्येक छात्र की मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, परिवारों को बच्चों के साथ संवाद का प्रशिक्षण देना चाहिए। विद्यालयों में केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, जीवन के लिए तैयार करने की भी आवश्यकता है। आज आवश्यकता है एक "संवाद पुनरुद्धार अभियान" की, जो घर-घर तक पहुंचे। हमें माता-पिता, शिक्षक और छात्र — इन तीनों के बीच विश्वास और सहअस्तित्व की भावना को पुनः जागृत करना होगा। अगर हम बच्चों से सुनना नहीं चाहेंगे, तो वे हिंसा से बोलना सीख जाएंगे। शिक्षक अब अपने अधिकारों और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह स्थिति शर्मनाक है। एक समाज जो अपने गुरु को सम्मान नहीं दे सकता, वह कभी समृद्ध नहीं हो सकता। अगर हमने अब भी नहीं समझा कि यह शिक्षक की नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ी की हत्या है, तो वह दिन दूर नहीं जब हर विद्यालय एक युद्धभूमि बन जाएगा। हमें यह समझना होगा कि बच्चे गलत नहीं होते, वे केवल अनसुने होते हैं। अगर वे प्यार, समझ और सही दिशा पाएँ तो वही बच्चा दुनिया बदल सकता है। परंतु अगर वह उपेक्षा, अस्वीकार और हिंसा का शिकार बने तो वही बच्चा एक शिक्षक का हत्यारा भी बन सकता है। सरकार को चाहिए कि वह विद्यालयों में नियमित रूप से मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, संवाद सत्र, और अभिभावक-शिक्षक सम्मेलनों का आयोजन करवाए। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को केवल आज्ञा न दें, बल्कि उनकी बातें भी सुनें। और समाज को चाहिए कि वह शिक्षा को केवल नौकरी पाने का माध्यम न माने, बल्कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार नागरिक बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखे। यह घटना हमें नींद से जगाने आई है। यह कोई समाचार पत्र की एक ख़बर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक चेतावनी है। अगर हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाले वर्षों में हमारे विद्यालयों में पुस्तकों से अधिक हथियार मिलेंगे, और शिक्षकों से अधिक सुरक्षा कर्मी। आज भी समय है कि हम इस चेतावनी को गंभीरता से लें। हम संवाद को पुनर्जीवित करें, शिक्षा को पुनरर्थित करें, और अपने बच्चों को हिंसा से नहीं, समझ से जीतना सिखाएं। तभी हम एक सुरक्षित, संवेदनशील और सशक्त भारत की कल्पना कर

## सकारात्मक

# सफलता भाग्य का नहीं परिश्रम का पुरस्कार

संजीव ठाकुर



जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है। वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है। पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं। वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है। अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।

# भाषाई विवाद: संवैधानिक प्रश्न या राजनैतिक हथियार



भारत विविधताओं का देश है, धर्म, जाति, संस्कृति और विशेषकर भाषा के क्षेत्र में इसकी विशिष्ट पहचान है। संविधान के अनुसार, भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है, जहाँ 22 भाषाओं को सविधान की अनुसूची सूची में शामिल किया गया है और सैकड़ों बोलियों प्रचलन में हैं, परंतु समय-समय पर भाषा को लेकर उपजने वाले विवाद यह प्रश्न खड़ा करते हैं कि ये विवाद संविधान से उपजे हैं या किसी राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है?

**भाषा के विषय में संवैधानिक प्रावधान क्या है?**-भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक भाषा संबंधी विस्तृत प्रावधान किए गए हैं। अनुच्छेद 343 में स्पष्ट किया गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी तथा लिपि देवनागरी होगी, लेकिन साथ ही अंग्रेजी के प्रयोग को भी एक निश्चित समय तक अनुमति दी गई। इसके अलावा राज्य अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को राजभाषा के रूप में अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। यहीं अनुच्छेद 350A और 351 में अल्पसंख्यक भाषाओं की सुरक्षा और प्रचार-प्रसार की भी व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद कई बार केंद्र और राज्यों के बीच भाषा को लेकर टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। देखा जाए तो हाल के वर्षों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में भाषा को लेकर हुए आंदोलनों और बयानों ने यह संकेत दिया है कि भाषा केवल संवेदनशील सांस्कृतिक विषय ही नहीं, बल्कि राजनीति का शाक्तिशाली औजार भी बन चुकी है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा के वर्चस्व को लेकर गैर-मराठी लोगों के विरूद्ध आदोलन, तमिलनाडु में हिंदी थोपने का विरोध, असम में बंगाली भाषा को लेकर असतोष, ये सब घटनाएं संकेत करती हैं कि राजनीति किस तरह भाषा को पहचान की लड़ाई में बदल देती है।

सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने कई बार स्पष्ट किया है कि कोई भी भाषा राष्ट्र या राज्य की पहचान का अपमान नहीं कर सकती और सरकारों को भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा को बढ़ावा देना संविधान की भावना के अनुरूप है परंतु किसी एक भाषा को जबरन थोपना उचित नहीं है। भाषाएं संवाद का माध्यम हैं, उन्हें विवाद का हथियार बनाने का परिणाम कभी सकारात्मक नहीं हो सकते। फिलहाल महाराष्ट्र में हो रहे भाषाई विवाद के पीछे राजनीतिक कारण ही समझ आते हैं। भाषा का विवाद तब तक संवैधानिक बहस का विषय रहता है जब तक वह संविधान की सीमाओं और जनहित तक सीमित हो। लेकिन जब भाषा को राजनीतिक स्वार्थ, वोट बैंक या क्षेत्रीय प्रभुत्व के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तब वह विवाद खतरनाक दिशा में बढ़ जाता है।

भारत की शक्ति उसकी 'एकता में विविधता में है। भाषाओं को विभाजन का कारण नहीं बल्कि संवाद और संस्कृति का सेतु बनाया जाना चाहिए। यह तभी संभव है जब भाषा पर संवैधानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ राजनैतिक परिपक्वता भी अपनाई जाए।

**रत्ना श्रीवास्तव**
**रिसर्च स्कॉलर (लॉ)**

## सू-दोकू 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# हार्ट अटैक आने से पहले शरीर में दिखने वाले इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

आमतौर पर हार्ट अटैक का नाम सुनते ही जो लक्षण सबसे पहले हमारे दिमाग में आता है, वह सीने में दर्द होना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षण इससे कहीं अधिक जटिल हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान करना बेहद जरूरी होता है।

दुनियाभर में हार्ट अटैक मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। हाल के कुछ सालों में हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। साल 2023 में हार्ट सहित हृदय रोग के मामले भारत में मृत्यु के प्रमुख कारण रहे हैं। जो सभी मौतों का करीब 30% हिस्सा था। कम उम्र के लोगों यहां तक कि 30 से कम आयु वालों में भी न सिर्फ हार्ट अटैक के मामले सामने आए हैं। बल्कि इसकी वजह मौतों में भी वृद्धि देखी गई है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक हृदय की समस्याओं पर लगातार और गंभीरता से ध्यान देना बहुत जरूरी है। आजकल का जीवन काफी व्यस्त और तनावपूर्ण हो चुका है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। लाइफस्टाइल और खानपान में गड़बड़ी को हृदय रोगों का मुख्य कारण माना जाता है। जिस पर कम उम्र से ही ध्यान देना जरूरी होता है। आमतौर पर हार्ट अटैक का नाम सुनते ही जो लक्षण सबसे पहले हमारे दिमाग में आता है, वह सीने में दर्द होना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षण इससे कहीं अधिक जटिल हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान करना बेहद जरूरी होता है।




**हार्ट अटैक के सामान्य लक्षण**-हार्ट अटैक होने पर सीने में दर्द होना सबसे प्रमुख माना जाता है। ऐसा आपने फिल्मों में भी देखा होगा। यह दर्द अचानक से शुरू होता है, यह कंधे, पीठ, जबड़ा या गर्दन में भी फैल सकता है। लेकिन सिर्फ यह लक्षण हार्ट अटैक के संकेत नहीं होते हैं। सीने में तीव्र दर्द, भारीपन या फिर दबाव महसूस होने के अलावा हार्ट अटैक में कई सारी और भी समस्याएं हो सकती हैं।

**शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द और सांस लेने में परेशानी**-हार्ट अटैक के दौरान सीने में दर्द होने के साथ ही अन्य हिस्सों में भी फैल जाता है। ऐसे लक्षण विशेष रूप से महिलाओं में अधिक सामान्य है। हालांकि यह समझना जरूरी है कि हार्ट अटैक के समय दिल का ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इससे बॉडी में ऑक्सीजन में कमी होने लगती है, ऐसे में व्यक्ति को सांस लेने परेशानी महसूस हो सकती है। यह लक्षण सीने में दर्द के साथ बिना दर्द के भी हो सकते हैं। अगर आपको यह दिक्कतें महसूस हो रही हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए।

**ठंडे पसीने का आना या मतली और उल्टी**-हार्ट अटैक के दौरान शरीर में तनाव और रक्तचाप में बदलाव की वजह से व्यक्ति को ठंडा पसीना आने की समस्या हो सकती है। यह लक्षण अचानक और बहुत तेज हो सकते हैं। कई बार हार्ट अटैक के दौरान व्यक्ति को पेट में मतली, असहजता और उल्टी का भी अनुभव हो सकता है। इसको सिर्फ पाचन की समस्या समझने की भूल न करें। क्योंकि यह हार्ट अटैक का भी संकेत हो सकता है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट**-हृदय रोग एक्सपर्ट की मानें, तो हार्ट अटैक के लक्षणों की पहचान समय पर सबसे ज्यादा अहम है। अगर किसी व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ, ठंडे पसीने का अनुभव और सीने में दर्द की समस्या है, तो ऐसे में फौरन डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। हार्ट अटैक के सिर्फ एक लक्षण पर ध्यान न दें। कभी-कभी लक्षण बहुत हल्के होते हैं या किसी और स्थिति की तरह महसूस होते हैं। इसलिए इन सभी के बारे में जानना और समय रहते हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेना चाहिए।

एक नजर

## बेटी पढ़ाओ की स्कॉलरशिप से नीलोटी,मुरोटी की जिंदगी बदली



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुदूर और शांत अंचल सुकमा के कुम्हारास गांव की कच्ची गलियों में उम्मीद ने एक नया रंग लिया – जहाँ मिट्टी से सने पाँवों और सपनों से भरी आँखों के साथ दो बहनों, नीलोटी नाग और मुरोटी नाग ने वो कर दिखाया, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। एक मां, जो खुद कभी स्कूल की चौखट भी न लांघ सकी, लेकिन दिल में यह ठान लिया था मेरी बेटियाँ ज़रूर पढ़ेंगी, चाहे जैसे भी हालात हों। अस्पताल में सफाईकर्मी के रूप में काम करते हुए दिन-रात मेहनत कर उन्होंने अपनी बेटियों को पढ़ाने का संकल्प निभाया। आर्थिक तंगी, सामाजिक दबाव और संसाधनों की कमी कभी उनकी राह में दीवार तो बनी, लेकिन कभी मंज़िल से हौसले नहीं डिगे। नीलोटी और मुरोटी ने बारहवीं तक की पढ़ाई किसी तरह पूरी तो कर ली, लेकिन आगे का रास्ता धुंधला था – जब तक कि रूहस इंडिया की 'बेटी पढ़ाओ स्कॉलरशिप' उनकी ज़िंदगी में रोशनी बनकर नहीं आई। यह महज़ आर्थिक सहायता नहीं थी – यह उनकी उम्मीदों की उड़ान थी, जिसने उन्हें नये आकाश से जोड़ा।

## शिवरतन-अश्वनी शर्मा ने पौधरोपण किया



**भाटापारा।** श्री रामनारायण शिक्षण समिति द्वारा संचालित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट भाटापारा द्वारा नारायणी विहार परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सम्मिलित होकर पौधरोपण किया। शिवरतन शर्मा ने पौधरोपण के बाद उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक और माँ के प्रति हमारी श्रद्धा हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी है । माँ और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं, पोषण करती हैं, और बिना किसी स्वार्थ के अपनापन देती हैं । कार्यक्रम में संस्थान के संचालक मनीष शुक्ला,नगर के गणमान्यजन, समस्त शिक्षक एवं संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नीट-जेईई की तैयारी करवाने कोचिंग संस्थानों से आवेदन

**सुकमा।** सुकमा जिले में कक्षा 11वीं, 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण 120 छात्र/छात्राओं को JEE Mains तथा Advance/NEET-G एक्जाम की तैयारी हेतु प्रतिष्ठित कोचिंग सस्थाओं से 21 जुलाई तक कार्यालयीन समय शाम 05:30 बजे तक रुचि की अभिव्यक्ति के लिये कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्ट्रेट भवन, जिला सुकमा में स्वयं उपस्थित होकर या स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन का विवरण एवं नियम/शर्तें जिले के वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया गया है।

## 8 संदिग्धों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**कोंड़ागांव।** जिले के थाना विश्रामपुरी क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बाहरी राज्य से आए मुसाफिर, फेरी वालों के विरुद्ध लगातार शिकायत की जा रही थी। मुसाफिरों द्वारा बिना किसी सूचना व अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थान में डेरा डालकर निवास करने, सन्दिग्ध रूप से घूमते हुए पाए जाने, क्षेत्र में गंदगी फैलाने लड़ाई-झगड़ा कर अशांति फैलाने, चोरी व अन्य अपराध कारित करने की आशंका होने आदि के सम्बंध में क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा थाना आकर मौखिक व फ़ोन के माध्यम से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विश्रामपुरी विनोद नेताम द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बाहरी मुसाफिरों के विरुद्ध कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु मुहिम चलाकर थाना क्षेत्र में घूम रहे मुसाफिरों का सत्यापन किया गया एवं क्षेत्र में उनकी उपस्थिति सन्दिग्ध प्रतीत होने से 8 सन्दिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु घूम रहे सभी बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कर सन्दिग्ध पाए जाने पर सन्दिग्ध व्यक्तियों पर कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## वर्षा की स्थिति पर निगाह रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज राजस्व विभाग की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में वर्तमान में हो रही लगातार वर्षा को दृष्टिगत करते हुए अपने-अपने अनुविभाग में सतत् मॉनिटरिंग करने एवं स्थिति पर नजर रखने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इसके अलावा धान-बीज वितरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बच्चों के किए जा रहे आधार पंजीयन हेतु आवश्यक सहयोग करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

# श्रावण मास प्रारंभ, मंदिरों में उमड़ी भीड़

## इस श्रावण मास में 4 सोमवार पड़ेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** आज कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से पवित्र श्रावण मास की शुरूआत हो गई है। सावन का पहला दिन होने से आज सुबह से ही अपने प्रिय भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने उनके दर्शन पूजन के लिए बड़ी तादात में श्रद्धालु मंदिरों एवं शिवालयों में उमड़ते रहे। सावन मास के पहले दिन होने से नगर के तमाम शिवालयों में भक्तों की काफी भीड़ रही। सावन मास को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह देखा गया।

गौरतलब है कि आज से देवों के देव भगवान महादेव का सबसे प्रिय मास श्रावण मास की शुरूआत हो गई है। आज 11 जुलाई दिन शुक्रवार से पवित्र श्रावण मास की शुरूआत हुई है जो आगामी 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समापन होगा। आज से बाबा भोलेनाथ के भक्त पूरे एक माह तक शिवजी के आराधना, ध्यान में डूबेंगे। सावन के पहले दिन होने से भक्त आज बड़ी संख्या में मां दंतेश्वरी के मंदिर समेत शिवायलों में भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक अर्पित कर पूर्ण भक्तिभाव के साथ पूजा करते करते दिखाई पड़े। माईजी मंदिर रोड स्थित शिवालय, भैरव मंदिर समेत नगर के सभी शिवालयों में भक्त भोलेनाथ को जलाभिषेक करने सुबह सुबह पहुंचे थे। सावन में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा आराधना का अलग ही महत्व है लिहाजा आज शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की काफी भीड़ है। सुबह से ही शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई पड़ रही है। शिवभक्त घरों में भी विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर भोलेबाबा को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं। बता दें कि इस वर्ष श्रावण मास में कुल 4 सोमवार पड़ रहे हैं जिनमें पहला सोमवार 14 जुलाई को दुसरा सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा सोमवार 28 अगस्त को और चौथा व आखरी सोमवार 4 अगस्त को पड़ेगा। पहला सोमवार आने में अभी 3 दिन का समय है लिहाजा श्रावण के पहले ही दिन आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में पहुंच भोलेनाथ को जर्लापण कर बेलपत्र चढ़ाकर उनका आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं।

# डिजिटल फसल सर्वेक्षण की होगी शुरुआत

## सीएससी के माध्यम से होगा निःशुल्क कृषक पंजीयन



**सुकमा।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, के द्वारा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एग्रीस्टेक परियोजना के तहत सम्पूर्ण देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के तीन भाग है। जिसके अंतर्गत ग्राम का जियो रिफ्रेंसिंग सर्वेक्षण नक्शा, राजस्व संबंधित अधिकार अभिलेख, डिजिटल फसल सर्वेक्षण डिजिटल सर्वेक्षण एग्रीस्टेक परियोजना के अगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र एवं कृषि भूमिधारक का पहचान पत्र का निर्माण किया जाना है। द्वितीय चरण में एसडीएम छिंदगढ़ श्री विजय प्रताप खेस के द्वारा ग्राम पंचायत धोबनपाल में एग्रीस्टेक योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया गया।

कृषक पंजीयन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत् महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य देश भर के कृषि भूमिस्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है, जिससे सही लाभार्थियों तक सरकारी योजनाएं और लाभ सफलतापूर्वक पहुँचे। इसके लिए कृषक पंजीयन हेतु सामान्य सेवा केन्द्र सीएससी को अधिकृत किया गया है। इस हेतु कृषकों से कोई राशि नहीं लिया जाना है। यह पूर्णतः निःशुल्क है। केवाईसी किये जाने हेतु शासन द्वारा सीएससी को 15 रू. प्रति कृषक के मान से भुगतान किया जाएगा।

एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से 30 सितम्बर 2025 तक किया जाना प्रस्तावित है, जिसके अनुसार जिले के प्रत्येक ग्राम में (खरीफवर्ष 25-26) में लगाये गए फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जावेगा। सर्वेक्षण कर्ताओं का चयन पटवारियों के माध्यम से तहसीलदार द्वारा 15 जुलाई 2025 तक किया जाना है। प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ता को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण एवं अपलोड करने तथा स्वीकृत हो जाने के दशा में 10 रू. प्रति खसरा मानदेय आधार संबंध बैंक खातों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

## स्कूली बच्चों को विधायक ने बांटे जूते

■ मां और पिताजी की स्मृति में हुआ आयोजन



**भाटापारा।** शासकीय शिवलाल मेहता स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं को उनके बीच पहुंचकर विधायक इन्द्र साव ने अपने माता जी स्व. श्रीमति गणेशी देवी साव एवं पिता जी स्व. के.आर. साव शिक्षक की स्मृति में शूज का वितरण किया।विधायक के कर कमलों से शूज प्राप्त कर छात्र छात्राएं काफी खुश और प्रफुल्लित नजर आए।

नगर के शिवलाल मेहता स्कूल में एक छोटे और गरिमामय कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव ने छात्र छात्राओं को शूज का वितरण किया।इस दौरान विधायक इन्द्र साव ने सभी बच्चों से नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा छोटे छोटे कदम एक दिन बड़ी मंजिले तय करते है। जीने के लिए दो वक्त भोजन जरूरी है लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है शिक्षा, जिससे हमे जीने की कला मिलती है। श्री साव ने कहा कि जब बच्चे पढ़ेंगे तो ना केवल अपनी संस्था का नाम रोशन करेंगे,बल्कि अपने माता पिता का भी नाम रोशन करेंगे और अपनी पढ़ाई योग्यता के दम पर अपना भविष्य को संवारेंगे। विधायक इन्द्र साव के हाथों शूज प्राप्त करते समय स्कूली बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट थी। विदित हो क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने अपने माता पिता की स्मृति में शूज वितरण किया और अपने माता पिता को याद करते हुए अपने स्कूल के दिनों की दिनचर्या को बच्चों और उपस्थित शिक्षकों के मध्य साझा किया।

# मेकॉज के डॉक्टरों की टीम ने सर्पदंश से पीड़ित बच्चे की बचाई जान



**जगदलपुर ।** बस्तर जिले के मारडूम थाना क्षेत्र में रहने वाले डोरका मंडावी के 12 वर्षीय पुत्र घस्सू मंडावी को सोने के दौरान सांप ने उसके हांथ में डस लिया। सर्पदंश से पीड़ित बच्चे को उपचार के लिए तत्काल मेकॉज लाया गया, 5 दिनों तक वेंटिलेटर में रखकर उपचार के बाद डॉक्टरों के साथ ही स्टाफ नर्स की टीम ने बच्चे की जान बचाने में कामयाब रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मारडूम निवासी डोरका मंडावी का 12 वर्षीय पुत्र घस्सू मंडावी खाना खाकर परिजनों के साथ सो रहा था, 2 जुलाई की सुबह एक जहरीले सांप ने घस्सू केहांथ में डस लिया, बच्चे ने आवाज लगाई, जिसके बाद परिजनों ने देखा कि एक जहरीले सांप ने घस्सू के हाथ मे डस कर भाग गया, परिजनों ने बिना देर किए बच्चे को 2 जुलाई की सुबह 7 से 8 बजे के बीच मेकॉज में भर्ती किया, बच्चे के शरीर मे जहर पूरी तरह से फैल रहा था। वहीं बच्चा अस्पताल आने से पहले बिहोश हो गया।

मेकॉज के डॉक्टरों और स्टाफ नर्स की टीम ने बच्चे का इलाज शुरू कर दिया, जहर शरीर मे फैलने के कारण बच्चें को सांस लेने में काफी तकलीफहो रही थी। 2 जुलाई से लेकर 6 जुलाई तक बच्चे को वेंटिलेटर में रखकर उसका इलाज किया गया।

आखिरकार घस्सू की जान बच गई, 6 जुलाई को घस्सू को वेंटिलेटर से बाहर निकाला गया। बच्चे को सही सलामत देखकर परिजनों ने डॉक्टरों के साथ ही स्टाफ नर्स की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

**कोरिया।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एकलव्य आदर्श आवासी विद्यालय, घूघरा (सोनहत) में शिक्षकों की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली परीक्षाओं में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का आंकलन करते हुए कलेक्टर ने शिक्षकों से वर्तमान शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना की जानकारी ली। कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षण में नवीन तकनीकों जैसे ऑडियो, वीडियो और मैपिंग का उपयोग किया जाए। विषयवार चर्चा के दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने पढ़ाने के स्तर में नवाचार लाने और बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, बच्चे कच्ची मिट्टी जैसे होते हैं, उन्हें जिस माहौल में ढाला जाएगा, वे वैसा ही बनेंगे।श् इसलिए उन्हें सकारात्मक और सृजनात्मक वातावरण देना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से अंग्रेज़ी में संवाद करें और उन्हें अंग्रेज़ी बोलने का अभ्यास कराएं।

## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

### स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए दिए निर्देश



**कोंडागांव।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं चिकित्सा संसाधनों का जायजा लिया। कलेक्टर ने एसएनसीयू, सर्जिकल वार्ड, मेडिसिन वार्ड एवं ओटी, नेत्र विभाग, एनआरसी सहित अस्पताल के विभिन्न वार्डों, वाशरूम तथा अन्य कक्षों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था को देखा और संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आयोजन की निगरानी की गई जिसमें समस्त हाई रिस्क प्रेग्नेंसी प्रकरणों की सोनोग्राफी जिला चिकित्सालय मे नियमित करने के निर्देश दिए गए एवं गर्भवतियों महिलाओं हेतु क्यू सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल भवन में सीपेज की समस्या का अवलोकन किया और इसके शीघ्र समाधान हेतु मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश आरईएस और सीजीएमएससी के अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने मातृ एवं शिशु अस्पताल में स्थान की कमी को देखते हुए मातृत्व वार्ड विस्तार हेतु नवीन वार्ड निर्माण तथा आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य करने को भी कहा।

## मॉडिफाईड साइलेंसर पर बुलेट चालक से वसूला गया 11 हजार जुर्माना



**दंतेवाड़ा।** इनफील्ड बुलेट वाहन क्रमांक - CG 18 Q 2554 के चालक रोशन कुमार निवासी बचेली जिला- दंतेवाड़ा (छ. ग.) द्वारा दिनाँक 09.07.025 को अपने बुलेट वाहन में अवैध तरीके से मॉडिफाई साइलेंसर लगा कर तेज फटाटेदार आवाज के साथ तेजगति से दंतेवाड़ा शहर में बुलेट चला रहा था,, जिसे यातायात पुलिस दंतेवाड़ा पॉइंट ड्यूटी पर तैनात जवानों के द्वारा SBI चौक, जय स्तंभ चौक, रेलवे फाटक में रोकने की भरसक कोशिश की गई किंतु उक्त बुलेट चालक द्वारा अपनी बुलेट को रोकने के बजाय और कट मारते हुए तेज गति से चलाकर भागने लगा जिसके बाद निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू यातायात प्रभारी दंतेवाड़ा ने अपने टीम के साथ पीछा कर यातायात पुलिस द्वारा परदेशी होटल आवँराभाठा के पास पकड़ा गया।

बाद यातायात पुलिस द्वारा एम. व्ही. एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था जहां माननीय न्यायालय द्वारा - 11100/00 रु. (ग्यारह हजार एक सौ हजार रुपये) का जुर्माना लगाकर दण्डित किया गया।

## छात्रों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**दंतेवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन और यातायात प्रभारी निरीक्षक- प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में बुधवार को सड़क दुर्घटनाओं व दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने हेतु यातायात नियमों का पालन कराने नाबालिगों को वाहन न चलाने एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न, नशा से दूर रहने, महिलाओं से संबंधित मोबाइल ऐप अभिव्यक्ति ऐप आत्मरक्षा, पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी देने सघन अभियान चलाकर- स्कूल, कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में जाकर बच्चों को जानकारी देने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है। जिस पर यातायात प्रभारी दंतेवाड़ा निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम हाईस्कूल आंवराभांठा दंतेवाड़ा पहुंच कर- स्कूल प्रबंधन/प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी एवं प्रधान पाठक राम चन्द्र नागेश जी से संपर्क कर कार्यक्रम आयोजित कर प्राचार्य, प्रधान पाठक, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं समस्त शाला स्टॉफ की उपस्थिति में सभी स्कूली बच्चों/छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई।

# किसानों को मिल रहा पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज



**सुकमा।** सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत पुनपल्ली के किसान श्री कलमू देवा रासायनिक खाद पाकर उत्साहित हैं। गांवों में खेती किसानी की शुरुआत हो गई है। कलमू ने बताया कि ग्राम पंचायत दुब्बाटोटा के सहकारी समिति (सोसाइटी) में रासायनिक उर्वरक भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ शासन से पूर्व में प्राप्त डीएपी, एनपीके, पोटाश और अन्य कीटनाशक को किसानों को वितरित किया गया है और आवश्यकतानुसार खाद की मांग की गई है। किसान समय पर और बिना किसी कठिनाई के खाद-बीज प्राप्त कर पा रहे हैं। कोंटा विकासखंड में स्थित सहकारी समिति(सोसाइटी) दुब्बाटोटा के अंतर्गत 14 गांव के किसान खाद-बीज लेने आते हैं। समिति में पंजीकृत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद और बीज प्रदान किया जाता है। इससे किसानों को काफ़ी सहूलियत होती है। श्री कलमू देवा ने बताया कि मैं पुनपल्ली गाँव का निवासी हूँ। मेरे पास 5 एकड़ जमीन है जिसमे मैं धान की खेती करता हूँ। मैं दुब्बाटोटा खाद लेने के लिए आया था। आज मैं 2 बोरी यूरिया लेकर जा रहा हूँ। हमारे सोसाइटी में खाद की कोई कमी नहीं है। मैं कुछ दिन पहले 6 बोरी धान अपने खाते से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लेकर गया था। सरकार द्वारा किसानों के लिए की जा रही सारी व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। किसान कलमू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सदैव किसानों के हित में निर्णय लेते हैं और उनके प्रयासों से ही किसानों को समिति में खाद की आपूर्ति हो पाई है। इसके लिए मैं जनहितैषी मुख्यमंत्री श्री साय को धन्यवाद देता हूँ।

# अस्पताल की एक्सरे मशीन महीने भर से खराब, भटक रहे मरीज

## अस्पताल की साफ-सफाई तो है दुरुस्त मगर व्यवस्था नहीं सुधर रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा।** नए सीएस के पदभार ग्रहण करने के बाद से जिला अस्पताल में व्याप्त गंदगी को भले ही दूर कर दिया गया हो अस्पताल के दरो दीवारों को डेंटिंग पेंटिंग लगाकर चमका दिया गया हो मगर व्यवस्था के नाम पर आज भी मरीज कभी दवा के लिए तो कभी एक्सरे करवाने के लिए भटकते दिखाई पड़ते हैं। शासन ने करोड़ों रूपए खर्च कर तमाम उपकरण मरीजों के बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के लिए लगवाए हैं बावजूद मरीजों को अस्पताल में जांच के लिए भटकना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल का बड़ा एक्सरा मशीन बीते महिनों भर से खराब हो गया है जिसे अब तक नहीं सुधरवाया गया है। छोटा एक्सरा मशीन से काम लिया जा रहा है मगर उसकी क्षमता भी 15 से 20 एक्सरा प्रतिदिन करने की ही है जबकि हर रोज करीब 50 से 60 एक्सरे के मरीज आते हैं। बड़ा एक्सरा मशीन खराब हो जाने से छोटे मशीन में लोड बढ़ गया है। कई मरीजों के परिजनों ने बताया कि एक्सरा नहीं किया जा रहा है जिससे उनके मरीजों को अस्पताल से प्राईवेट क्लिनिकों तक ले जाने में परेशानी हो रही है साथ ही प्राईवेट एक्सरा करवाने में पैसे भी देने पड़ रहे हैं। बता दें कि जिला अस्पताल में 80 से 90 फीसदी ग्रामीण इलाकों से मरीज आते हैं जो बेहद गरीब एवं असहाय होते हैं। पैसों की कमी के चलते ग्रामीणजन सरकारी अस्पतालों में ईलाज के लिए आते हैं। ऐसे में जब उन्हें पूरी जांच एवं ईलाज यहां नहीं मिलता है तो वे परेशान हो जाते हैं उनके पास इतना रूपया भी नहीं होता कि वे प्राईवेट अस्पतालों या जांच सेंटरों में जाकर महंगी ईलाज व जांच करवा सकें। सरकार लाखों रूपए खर्च कर महंगे महंगे तमाम उपकरण व मशीनें लगवाती है मगर उसका लाभ मरीजों को मिलता नहीं दिख रहा। अगर एक्सरे मशीन खराब हुई थी जो अस्पताल प्रबंध महिनों से क्या कर रहा है? टेक्निशियन को बुलाकर 24 घंटे के भीतर ठीक करवाया जा सकता था मगर ऐसा नहीं हो रहा है? यह बड़ा सवाल है जिसका जवाब तो अस्पताल प्रबंधन को देना होगा। अस्पताल के उपरी सतह को कितनों भी आकर्षक व सुंदर बना दिया जाए मगर जब अंदर से ही व्यवस्था ठीक नहीं होगी अव्यवस्था रहेगा तो ऐसे अस्पतालों के होने का क्या फायदा?

## कोंटा एरिया कमेटी के 2 ईनामी सहित 6 नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् इसी तारतम्य में दिनांक 08.07.2025 को डी.आर.जी. का बल, थाना कोंन्टा व थाना भेज्जी का बल एवं 218 बटालियन के.रि.पु.बल की ''बी''+''जी'' एवं यंग प्लाटून की संयुक्त पुलिस पार्टी दो भागों में विभक्त होकर ग्राम नीलामड़गू एवं ग्राम पीलावाया की ओर नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना हुई थी। कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान संयुक्त पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम पीलावाया में नक्सली आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उपरोक्त सभी नक्सली आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 09.07.2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में डी.आर.जी. सुकमा, जिला पुलिस बल थाना कोन्टा/भेज्जी एवं 218 बटालियन के0रि0पु0 बल की ''बी+जी'' व यंग प्लाटून तथा 219 बटालियन के आसूचना शाखा का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## एक नजर

### सत्यनारायण बाबा धाम कोसमनारा में मुख्यमंत्री साय ने की पूजा-अर्चना



**रायगढ़, 11 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के ग्राम कोसमनारा स्थित श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन श्रद्धा, आस्था और मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। कोसमनारा स्थित यह धाम लोगों की आस्था का केंद्र है और यहाँ की आध्यात्मिक ऊर्जा आत्मबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण के मार्ग पर गुरुजनों के आशीर्वाद और जनआशीर्वाद के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, रायगढ़ सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और महापौर श्री जीवर्धन चौहान, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री रत्थू गुप्ता, श्री अरूण कातोरे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कार में नशीली इंजेक्शन की कर रहे थे तस्करी,आबकारी टीम ने एक को दबोचा



**सरगुजा,11 जुलाई।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी सफलता हासिल की है. सरगुजा में विभागीय उड़नदस्ता टीम ने एक लग्जरी कार से नशीली दवाओं की तस्करी का भंडाफोड़ किया है. इस कार्रवाई में 4 लाख 35 हजार रुपए मूल्य की नशीली दवाओं के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना मणिपुर क्षेत्र अंतर्गत सुंदरपुर वेयरहाउस के पास सफेद रंग की हुंडई वरना कार में दो व्यक्ति भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर ग्राहकों को सप्लाई कर रहे हैं. इनमें से एक की पहचान मुख्य आरोपी देवेंद्र सिंह और दूसरे की गंगाराम मुंडा के रूप में हुई।सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर दबिश दी. टीम को देखकर मुख्य आरोपी देवेंद्र सिंह मौके से फरार हो गया, लेकिन उसका साथी गंगाराम मुंडा पुलिस के हत्थे चढ़ गया. गाड़ी की तलाशी लेने पर 2,413 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग 4 लाख 35 हजार रुपये आंकी गई है.फिलहाल आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. फरार मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

### शासकीय हाई स्कूल मोहगांव में 3 विषयों के शिक्षक किए गए नियुक्त

**महासमुंद 11 जुलाई ।** विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मोहगांव की स्थापना वर्ष 2022 में विद्यार्थियों को माध्यमिक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। किंतु विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण प्रारंभ से ही यह संस्था शिक्षकविहीन स्थिति में संचालित हो रही थी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अभिभावकों की चिंता और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में बाधा को लेकर ग्रामीणजनों में निराशा व्याप्त थी।शिक्षा विभाग द्वारा इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से हाल ही में तीन व्याख्याता अंग्रेजी, गणित एवं कला विषय के लिए इस विद्यालय में पदस्थ किए गए हैं। इन विषयों की अत्यधिक आवश्यकता थी क्योंकि ये विद्यार्थी के समग्र बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

## बिना बिल की फर्मों को 42 लाख के भुगतान का हुआ खुलासा

# कलेक्टर ने 2 अधिकारी पर एफआईआर के दिए निर्देश

**बीजापुर, 11 जुलाई।** जिले के शैक्षणिक ढांचे को सशक्त करने के उद्देश्य से निर्मित पोटाकेबिन आश्रमों में गड़बड़झाले की एक बड़ी परत सामने आई है. बीजापुर कलेक्टर ने 42 लाख 78 हजार 475 रुपये की फर्जी भुगतान के मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए दो शासकीय कर्मचारियों के खिलाफ थाना स्तर पर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. मामला समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित माध्यमिक पोटाकेबिन छात्रावासों से जुड़ा है शुरुआती जांच में सामने आया कि बिना बिल और प्रमाणित दस्तावेजों के फर्मों को भुगतान किया गया. इसकी पुष्टि बीजापुर जिले के चार अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों की जांच रिपोर्ट में हुई है

बीजापुर जिले में समग्र शिक्षा अभियान के तहत पोटाकेबिनों के निर्माण और सामग्री आपूर्ति में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं. जांच के दौरान सामने आया कि बीजापुर और भोपालपटनम ब्लॉक में बिना वैध बिल और दस्तावेजों के कुल 42,78,475 रुपए का भुगतान किया गया. बीजापुर ब्लॉक में कृत्विक इंटरप्राइजेस, एसबी कंस्ट्रक्शन और विमला इंटरप्राइजेस को 26,60,715 रुपए का भुगतान किया गया, जबकि भोपालपटनम ब्लॉक में इन्हीं तीन फर्मों को 16,17,760 रुपए का भुगतान किया गया.वहीं, भैरमगढ़ और उसूर अनुभाग की जांच के दौरान सभी बिल संलग्न पाए गए और भुगतान प्रक्रिया संतोषजनक पाई गई.जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि संबंधित अधीक्षकों ने दिए गए बयानों में इस फर्जी भुगतान की पुष्टि की है. पुरुषोत्तम चन्द्राकर, सहायक जिला परियोजना अधिकारी (माध्यमिक), ने जिला शिक्षा अधिकारी से किसी प्रकार की स्वीकृति लिए बिना ही अधीक्षकों से नोटशीट पर हस्ताक्षर करवा कर भुगतान प्रक्रिया को अंजाम दिया. वहीं, सहायक ग्रेड-02 संजीव मोरला ने खुद अपने बयान में फर्मों को भुगतान की बात स्वीकार की है. प्रशासन अब मामले की विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है.बीजापुर के डीईओ लखन लाल धनेलिया ने बताया कि एसडीएम के निरीक्षण के दौरान पोटाकेबिनों में कमी पाई गई थी. मामले में जांच की गई तो भोपालपटनम और बीजापुर पोटाकैबिन में समग्र शिक्षा के माध्यम से बिना बिल के भुगतान किया जाना सामने आया, कलेक्टर ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.



### विष्णु देव साय ने पंगत में बैठकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया

**रायगढ़, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले के बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय में गुरु के दर्शन के पश्चात गुरु दर्शन के लिए आए सारे लोगों के बीच पंगत में बैठकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोक सभा सांसद श्री राधे श्याम राठिया, राज्य सभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में आमजनों ने भी भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

## सीएम का रायगढ़ आगमन पर आत्मीय स्वागत



**रायगढ़, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 10 जुलाई को रायगढ़ प्रवास पर पहुंचे। यहां जिंदल एयरस्ट्रिप आगमन पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, राज्य सभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, महापौर श्री जीवर्धन चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्री कमल गर्ग, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री अरुणधर दीवान, श्री गुरपाल भल्ला, श्री विजय अग्रवाल, श्री श्रीकांत सोमावार, आईजी डॉ संजीव शुक्ला, सीसीएफ श्री प्रभात मिश्रा, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, डीएफओ श्री अरविंद पीएम, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

## सेवा सहकारी समिति कंतेली का निरीक्षण, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही पर्याप्त खाद

**बेमेतरा ,11 जुलाई ।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा आज सेवा सहकारी समिति कंतेली का निरीक्षण किया गया, जिसमें समिति में उर्वरक भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि किसानों को कृषि कार्य के लिए आवश्यक उर्वरक जैसे यूरिया, पोटाश, एसएसपी आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान डीएपी (डाय अमोनियम फास्फेट) की अपेक्षा एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) को भंडारित कर वितरण करने के निर्देश दिए गए। समिति प्रबंधन एवं उपस्थित कृषकों को बताया गया कि डीएपी में केवल नाइट्रोजन और फास्फोरस तत्व ही उपलब्ध होते हैं, जबकि एसएसपी में फास्फोरस के साथ-साथ कैल्शियम एवं सल्फर जैसे अतिरिक्त पोषक तत्व भी शामिल होते हैं, जो फसल के सम्पूर्ण पोषण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने में अत्यंत सहायक हैं। कृषकों को दी गई तकनीकी जानकारी निरीक्षण के दौरान समिति में उपस्थित कृषकों को विस्तारपूर्वक बताया गया कि डीएपी की जगह एसएसपी का उपयोग करने से न केवल पौधों की जड़ें मजबूत होती हैं बल्कि सल्फर तत्व के कारण पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। कैल्शियम मिट्टी की संरचना को सुधारता है और फसल की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। इससे भूमि की दीर्घकालीन उर्वरता बनी रहती है।

### कृषक जयकुमार ने उठाया लाभ

ग्राम भुरकी निवासी कृषक श्री जयकुमार पिता श्री बुधराम (रकबा 1.50 हेक्टेयर) ने निरीक्षण के दौरान समिति से यूरिया 8 बोरी, एसएसपी 6 बोरी तथा पोटाश 2 बोरी का तुरंत उठाव किया। उन्होंने बताया कि पहले उनके खेतों में गोटा (स्थानीय नाम चमरगोटा) जैसी समस्या देखने को मिलती थी, परंतु एसएसपी का नियमित उपयोग करने से अब यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। उन्होंने एसएसपी के उपयोग को अत्यंत प्रभावी और लाभकारी बताया।

### उर्वरक की कोई कमी नहीं, किसानों के लिए पर्याप्त भंडारण

सेवा सहकारी समिति कंतेली में निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसानों को आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। वर्तमान में समिति में उर्वरक भंडारण की स्थिति संतोषजनक है और वितरण भी सुचारू रूप से किया जा रहा है।


### केसीसी और एग्रेस्टैक पंजीयन के लिए दिए गए निर्देश

निरीक्षण टीम द्वारा समिति को किसान क्रेडिट कार्ड तथा एग्रेस्टैक पोर्टल में अधिक से अधिक किसानों के पंजीयन के लिए निर्देशित किया गया, ताकि किसान सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। राज्य सरकार एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों की सुविधा हेतु सेवा सहकारी समितियों को सशक्त किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ में गुरु दर्शन किया

**रायगढ़, 11 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ में गुरु दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने गुरु पीठ आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने आश्रम में अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी के प्रिय शिष्य प्रियदर्शी भगवान राम जी के दर्शन भी किए और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोक सभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री कमल गर्ग, श्री अरूणधर सुभाष पाण्डेय, श्री रत्थू गुप्ता, श्री अरूण कातोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महिला वकील व क्लाइंट के बीच मारपीट से कोर्ट परिसर में हंगामा



**बिलासपुर, 11 जुलाई।** जिला न्यायालय स्थित फैमिली कोर्ट में परिसर में उस वक्त हंगामा मच गया। जब एक महिला वकील और क्लाइंट के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। मामला कुटुंब न्यायालय से जुड़ा है, जहां फरियादी सुमन ठाकुर का केस चल रहा है। महिला का आरोप है कि, वकील लीना अग्रहरी ने फीस लेने के बावजूद केस की पैरवी से इनकार कर दिया, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान महिला वकील और क्लाइंट के बीच हाथापाई शुरू हो गई और जिससे विवाद ज्यादा बढ़ गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वकील लीना अग्रहरी और क्लाइंट सुमन ठाकुर, उसके साथ मौजूद मां सावित्री देवी ठाकुर और भाई मुकुंद ठाकुर के बीच मारपीट देखी जा सकती है।घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। कोर्ट परिसर में हुए इस बवाल से अन्य वादकारियों और अधिवक्ताओं में भी अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नगर पंचायत के सामने धरने पर बैठे व्यापारी मांगें पूरी नहीं होने पर दी चेतावनी



**बालोद, 11 जुलाई।** नगर की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने आज डौंडी में दुकानें बंद रखी है. 5 सूत्रीय मांगों को लेकर डौंडी व्यापारी संघ नगर पंचायत के सामने धरने पर बैठा है. नगर के व्यापारी डौंडी नगर पंचायत सीएमओ एसके देवांगन और इंजीनियर दीप्ति कुर्रे को निलंबित करने समेत अन्य समस्याओं का समाधान करने की मांग कर रहे हैं.

यह प्रदर्शन व्यपारी संघ के अध्यक्ष तिलक दुबे के नेतृत्व में हो रहा है. प्रदर्शन की सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचकर डौंडी नगर के व्यापारियों से बातचीत कर रहे. व्यापारियों का कहना है कि बात नहीं बनेगी तो भानुप्रतापपुर-राजनांदगांव-बालोद मार्ग पर चक्काजाम करेंगे.

# फिर से महिला स्व-सहायता समूहों को मिला रेडी टू ईट निर्माण का कार्य




**रायगढ़, 11 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुन॰ महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने के निर्णय पर अमल की पहल की शुरुआत आज रायगढ़ जिले से की गई है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 10 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण के लिए अनुबंध पत्र सौंपे। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, रायगढ़ सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गबेल, महापौर श्री जीवर्धन चौहान एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) के निर्माण एवं वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। यह कार्य प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। रायगढ़ इस पहल का पहला जिला बना है, जहाँ 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सार्थक पहल है। साथ ही, बच्चों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि विगत डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अधिकांश कार्यों को धरातल पर उतारा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, दो वर्षों का बकाया बोनस वितरण, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि, तेन्दूपत्ता संग्रहण दर में 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की वृद्धि तथा चरण पादुका योजना की पुन॰ शुरुआत जैसे कार्य इसके सशक्त उदाहरण हैं। साथ ही, रामलला दर्शन योजना एवं तीर्थयात्रा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा का लाभ भी दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके गांव में ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब तक प्रदेश की 1,460 पंचायतों में ऐसे सेवा केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों माताएं और बहनें सरल, सुरक्षित और सुलभ बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा रही हैं। आने वाले समय में शेष पंचायतों को भी इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सतत कार्य कर रही है। पूरे देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। इसी दिशा में रेडी टू ईट योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके प्रथम चरण में 6 जिलों को शामिल किया गया है। रायगढ़ ऐसा पहला जिला है जहाँ महिला समूहों को अनुबंध पत्र सौंपे गए हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अनुबंध प्राप्त सभी महिला समूहों से गुणवत्ता युक्त कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि वे इस योजना को एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि राज्य के पोषण अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगी।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में महिला समूहों को आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए रेडी टू ईट निर्माण व वितरण का कार्य दिए जाने का निर्णय लिया गया है। रायगढ़ सहित प्रदेश के 06 जिलों में इसकी शुरुआत की जा रही है। रायगढ़ जिले में 10 महिला समूहों का चयन रेडी टू ईट निर्माण व वितरण के लिए किया गया है। जिसका अनुबंध पत्र सौंपा गया। सभी चयनित महिला समूहों को रेडी टू ईट यूनिट स्थापना हेतु उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फार्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइस (पीएमएफएमई) योजना के तहत प्रिंसिपल सब्सिडी दी जाएगी। रायगढ़ जिले में रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकड़ेगा,धरमजयगढ़ और कापू इन 10 परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट वितरण के लिए महिला

## पंचायतों में शिक्षा समिति, पालक और ग्रामीणों ने संकल्प लेकर निकाली जागरूकता रैली



**बीजापुर 11 जुलाई ।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे वेंडे स्कूल दयाकाल अभियान अंतर्गत शत-प्रतिशत नामांकन हेतु ग्राम पंचायतों में ग्राम शिक्षा समितियों के साथ बैठक आयोजित कर पालकों और ग्रामीणों ने हर बच्चे को स्कूल भेजने का संकल्प लिया ।

बीजापुर जिले में शिक्षा को जन आंदोलन का रूप देते हुए ÷वेंडे स्कूल दयाकाल÷ नामक विशेष नामांकन अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार के नेतृत्व में चल रहे अभियान में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें विद्यालयों, विशेषकर आवासीय विद्यालयों में पुनः नामांकित करने की रणनीति बनाई गई है।अभियान के तहत 09 जुलाई 2025 को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम शिक्षा समितियों की बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में स्थानीय प्रशासन, शिक्षक, पालक और समुदाय एकजुट होकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।बैठक में ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों ने 9 से 14 वर्ष के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन का संकल्प लेते हुए सामूहिक शपथ लिया और पंचायतों में जागरूकता रैलियाँ निकाली गई ।अभियान अंतर्गत गांव-गांव में बच्चों की पहचान कर उनके परिवारों से संपर्क कर स्कूल में पुनः दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। चिन्हित बच्चों को सूचीबद्ध कर आवासीय विद्यालयों में नामांकन करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिले में क्षेत्र के वातावरण के हिसाब से स्थानीय बोली में भी ग्रामीणों को शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करने की समझाइश दी गई।

## संगोष्ठी में मत्स्य किसानों को योजनाओं की जानकारी दी



**बीजापुर 11 जुलाई ।** राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस के अवसर पर जिले के नैमेड़ स्थित शासकीय फिश हैचरी में मत्स्य किसानों के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए मत्स्य कृषकों को मछली पालन से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं, तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण अवसरों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार लेकाम ने की। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से मछली पालन, तालाब निर्माण, बीमा योजनाएं, दुर्घटना बीमा योजना तथा बाजार तक पहुँच की रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला प्रशासन की ओर से यह भी बताया गया कि जिले के उन्नत मत्स्य किसानों को अन्य राज्यों में भेजकर आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के चयन, प्रक्रिया और सुविधाओं को लेकर भी जानकारी साझा की गई। संगोष्ठी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत स्वयं की भूमि में नवीन तालाब निर्माण में अनुदान, मछली पालन हेतु इनपुट प्रदाय,बायो फ्लाक छोटी इकाई स्थापना, फ्लॉक पांडे इकाई, फुटकर मछली विक्रेता हेतु मोटरसाइकिल वितरण आई बाक्स वितरण मत्स्य जीवियों का दुर्घटना बीमा,अल्प अवधि बचत सह राहत योजना किसान क्रेडिट कार्ड सहित राज्य पोषित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। तथा राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफार्म में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की सलाह दी गई शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए पंजीयन की अनिवार्यता संबंधी जानकारी साझा करते हुए पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई।इस अवसर पर मत्स्य विभाग के प्रभारी अधिकारी श्री दामोदर यालम, मतस्य निरीक्षक श्री थान सिंग सिन्हा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजनाओं को लेकर जागरूकता दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## 3 दिवसीय अभिविन्यास प्रशिक्षण का आयोजन



**बीजापुर 11 जुलाई।** नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का 3 दिवसीय सामान्य अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। यह आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार किया गया है। जिसका उद्देश्य स्थानीय शासन प्रणाली को अधिक सशक्त, पारदर्शी और जनहितैषी बनाना है। यह प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को छत्तीसगढ़ महतारी के स्तुति एवं द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

उपसंचालक पंचायत श्री हिमांशु साहू ने बताया कि कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासन की नीतियों, पंचायती राज व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल ग्राम प्रशासन, महिला सशक्तिकरण, एवं ग्रामीण विकास की योजनाएं जैसे महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। माननीय सदस्य श्रीमती कविता कोरम, श्रीमती प्रीति आरकी, श्रीमती सामंतीन कोरसा, श्री मथियस कुजूर, श्री सतीश एंड्रीक, श्री शंकरैया मडवी एवं श्री लच्छूराम पोड़ियामी ने प्रशिक्षण को नव निर्वाचित सदस्यों के लिए बहुत उपयोगी बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की। वेद कुमार नागेश लेखाधिकारी, श्री खेमलाल जिला डाटा अंकेक्षक, श्री संपत दीवान वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, श्री मनीष सोनवानी सहायक परियोजना अधिकारी, श्री शिवनाथ मांझी स्टेनो, श्री त्रिपत यालम संकाय सदस्य, श्री विक्रम सिंह परस्ते संकाय सदस्य मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित रहे।

## बरसात के मौसम में खान-पान पर दें विशेष ध्यान

**रायगढ़, 11 जुलाई।** बरसात के मौसम में पेट से जुड़ी बीमारियों और वायरल संक्रमण के मामलों में तेजी से इजाफा होता है। सीएमएचओ डॉ.जगत ने बताया कि बारिश के चलते डायरिया, फूड प्वाइजनिंग, सर्दी-जुकाम और बुखार जैसे मामले सामने आते है। विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और युवाओं में सड़कों पर बिकने वाले फास्ट फूड और दूषित खाने के कारण संक्रमण की समस्या बढ़ती है। डॉक्टर्स का कहना है कि खुले में बिकने वाला खाना और साफ -पानी की कमी से पेट की बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के मौसम में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। साफ और उबला हुआ पानी ही पीएं। भोजन में तला-भुना, अधिक मसालेदार और खट्टा खाना कम से कम लें। पौष्टिक आहार जैसे दलिया, खिचड़ी, मौसमी फल, दूध और हरी सब्जियां सेवन करें। उन्होंने कहा कि शरीर में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए तुलसी, गिलोय और अदरक का सेवन गुनगुने पानी के साथ करें। इसके साथ ही सुबह हल्का व्यायाम भी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाता है।

एक नजर

## ब्रायन लारा बोले- मुल्डर को 400 रन बनाना चाहिए था, रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं

**जोहान्सबर्ग, 11 जुलाई (एजेंसी)।** पूर्व वेस्टइंडीज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि वियान मुल्डर को उनके टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर (400 रन) का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफटेस्ट मैच में 367 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन उन्होंने लारा के रिकॉर्ड को पार करने का प्रयास नहीं किया। यह मैच दक्षिण अफ्रीका ने 3 दिन के अंदर ही जीत लिया था।




**लारा ने कहा- रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं:** मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से बातचीत में बताया कि उन्होंने हाल ही में लारा से बात की। उन्होंने कहा, अब जब सब शांत हो गया है, तो मेरी थोड़ी बहुत बात हुई है ब्रायन लारा से। उन्होंने कहा कि मुझे 400 रन के लिए जाना चाहिए था। लारा ने मुल्डर से कहा, रिकॉर्ड तोड़े जाने के लिए ही होते हैं और अगर तुम दोबारा कभी ऐसे मौके में रहो, तो जरूर 400 रन से ज्यादा बनाना।

**मुल्डर बोले, मैंने जो किया, उस पर मुझे गर्व है :** हालांकि, लारा की राय जानने के बावजूद मुल्डर का मानना है कि उन्होंने जो फैसला लिया, वो उनके लिए सही था। उन्होंने कहा, यह उनकी तरफसे दिलचस्प नजरिया था, लेकिन मैं अब भी मानता हूं कि मैंने जो किया वह सही था। मेरे लिए खेल का सम्मान सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुक्री कॉनराड ने मजाक में कहा, सुनो, बड़े-बड़े स्कोर को दिग्गजों के पास ही रहने दो।

# विंबलडन के सेमीफाइनल में हारी नंबर-1 एरिना सबालेंका

### अमेरिका की एनिसिमोवा फाइनल में पहुंचीं, स्वातेक ने सीधे सेटों में सेमीफाइनल जीता

**लंदन, 11 जुलाई (एजेंसी)।** विमेंस टेनिस सिंगल्स में नंबर-1 रैंक बेलारूस की एरिना सबालेंका को विंबलडन सेमीफाइनल में हारकर बाहर होना पड़ा। उन्हें अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा ने 3 सेट के सेमीफाइनल में हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-8 पोलैंड की इगा स्वातेक ने जीत दर्ज कर ली। 12 जुलाई को फाइनल में उनका सामना एनिसिमोवा से ही होगा।





### स्वातेक सीधे सेटों में जीतीं

विमेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में एनिसिमोवा ने सबालेंका को 6-4 से पहला सेट हरा दिया। सबालेंका ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 के अंतर से ही जीत लिया। एनिसिमोवा ने फिर कमबैक किया और तीसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर मैच भी जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में स्वातेक ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक को 6-2, 6-0 के अंतर से सीधे सेटों में ही हरा दिया। विंबलडन फाइनल में पहुंचने के बाद अमेरिका की अमांडा एमिनिसोवा को खुद पर विश्वास नहीं हुआ।

### मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी हारी

मेंस डबल्स में भी दोनों सेमीफाइनल के नतीजे आ गए। वर्ल्ड नंबर-1 और नंबर-4 जोड़ी को हार का सामना करना पड़ गया। अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच की नंबर-1 जोड़ी को नीदरलैंड के डेविड पेल और ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता की गैर वरीय जोड़ी ने 3 सेट में हराया। दोनों ने 7-6 (7-2), 6-7 (5-7), 6-7 (9-11) से सेमीफाइनल जीता। दूसरे नॉकआउट मुकाबले में स्पेन के मार्सेल ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की नंबर-4 जोड़ी को ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और जूलियन कैश की नंबर-5 जोड़ी ने सीधे सेट में हराया। ब्रिटिश पेयर ने 6-3, 6-4 से मुकाबला जीता।

### मेंस सिंगल्स का सेमीफाइनल लाइन-अप

मेंस सिंगल्स में नोवाक जोकोविच, जैनिक सिनर, कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। टॉप-4 के मुकाबले 11 जुलाई को खेले जाएंगे। 9 जुलाई को देर रात वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 7-6 (7-2), 6-4, 6-4 के अंतर से हराकर बाहर किया। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने इटली के फ्लाविया कोबोली को 4 सेट में हराया। जोकोविच ने पहला सेट 6-7 (6-8) के अंतर से गंवाया। हालांकि, उन्होंने वापसी की और 6-2, 7-5, 6-4 से बाकी 3 सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

क्रिकेट डायरी

# पहले दिन इंग्लैंड ने बनाएं 251/4

### लॉर्ड्स टेस्ट: जो रूट ने 99 रन बनाए, स्टोक्स के साथ नॉटआउट, नीतीश रेड्डी को 2 विकेट

**लंदन, 11 जुलाई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट के नुकसान पर 251 रन बना लिए।



**200 के अंदर 4 विकेट गंवाए:** इंग्लैंड ने पहले सेशन में शुरुआती ओवर बेहतरीन बैटिंग करने के बाद नीतीश कुमार रेड्डी के एक ही ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। रेड्डी ने जैक क्रॉली और बेन डकेट को पवेलियन भेजा। तीसरे विकेट के लिए ओली पोप और जो रूट ने फिर 109 रन की पार्टनरशिप कर दी।

पोप तीसरे सेशन के पहले ओवर में रवींद्र जडेजा के खिलाफ कॉट बिहाइंड हो गए। नंबर-5 पर उतरे हैरी ब्रूक भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया, ब्रूक ने 11 रन बनाए। 172 रन के स्कोर पर टीम ने 4 विकेट गंवा दिए।

**रूट शतक से 1 रन दूर, स्टोक्स के साथ संभाला:** नंबर-6 पर उतरे कप्तान बेन स्टोक्स ने जो रूट के साथ टीम को संभाल लिया। रूट ने 45 रन बनाते ही भारत के खिलाफ3 हजार टेस्ट रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने 67वीं टेस्ट फिफ्टी लगाई और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचा दिया। रूट ने स्टोक्स के साथ मिलकर दिन का खेल खत्म होने तक टीम का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। रूट 99 और स्टोक्स 39 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

#### पंत चोटिल हुए, जुरेल ने विकेटकीपिंग की

34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की बॉलिंग पर विकेटकीपिंग करने के दौरान विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हो गए। बुमराह ने लेग स्टंप के बाहर बॉल फेंकी, पंत ने डाइव लगाकर गेंद पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से टकराकर बाउंड्री की ओर चली गई। पंत की उंगली चोटिल हो गई, टीम फिजियो उन्हें चेक करने के लिए आया और पंत को अपने साथ ले गया। 35वें ओवर से फिर 12वें खिलाड़ी ध्रुव जुरेल ने पंत की जगह विकेटकीपिंग की। उन्होंने ओली पोप का कैच भी पकड़ा।

# इंटरनेशनल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की पिता ने की घर में हत्या

### सिर में 3 गोलियां मारीं, बेटी के एकेडमी चलाने से नाराज था

**गुरुग्राम, 11 जुलाई (एजेंसी)।** हरियाणा के गुरुग्राम में 25 साल की जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की उसके ही पिता ने गोली मारकर हत्या कर दी। परिजन के मुताबिक पिता ने टेनिस एकेडमी खोलने के लिए सवा करोड़ रुपए दिए थे। एक महीने बाद ही उन्होंने एकेडमी बंद करने के लिए बेटी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था।





घटना गुरुवार की है। परिजन के मुताबिक 15 दिन से घर में क्लेश था। बाप-बेटी में रोजाना झगड़ा हो रहा था। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि राधिका टेनिस एकेडमी चलाती थीं, जिससे अच्छी कमाई हो रही थी। उसके पिता दीपक यादव को लोग ताने मारते थे कि बेटी की कमाई खा रहा है।

आरोपी पिता ने उसे टेनिस एकेडमी बंद करने को कहा। लेकिन, राधिका नहीं मानी और दोनों के बीच बहस हो गई। जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में आकर उसे गोलियां मार दीं। हालांकि, पहले सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी, लेकिन पुलिस ने इससे इनकार किया है।

### मर्डर के बाद वहीं बैठा रहा पिता

कुलदीप ने कहा कि मेरे भाई ने पॉइंट थ्री टू बोर की पिस्टल का इस्तेमाल किया और वह उसी की थी, जिसका लाइसेंस भी है। राधिका किचन में खून से लथपथ पड़ी थी और दीपक भी पास में बैठा था। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दीपक को हिरासत में ले लिया।

हरियाणा की 3 अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवान डोप में फंसी

# रीतिका हुड्डा, नितिका और मुस्कान के सैंपल पॉजीटिव, तीनों पर एजेंसी ने लगाया प्रतिबंध

**पानीपत, 11 जुलाई (एजेंसी)।**

हरियाणा की तीन इंटरनेशनल महिला पहलवान डोप केस में फंस गई हैं। देश की जानी मानी रेसलर रीतिका हुड्?डा, मुस्कान नांदल और नितिका के डोप टेस्ट पॉजिटिव मिले हैं। तीनों हरियाणा के रोहतक जिले की रहने वाली हैं। डोप टेस्ट सैंपल पॉजिटिव मिलने से इनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।



रेसलर रीतिका हुड्डा।

देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन और पेरिस ओलिंपियन रोहतक की रीतिका हुड्डा, एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मुस्कान, अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की विजेता नीतिका डोप पॉजिटिव पाई जाने पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने तीनों पहलवानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रीतिका बीते वर्ष हेवीवेट वर्ग (76 किलो) के लिए ओलिंपिक क्वालिफाई करने वाली देश की पहली महिला पहलवान हैं।

**सैंपल में प्रतिबंधित सल्फोन पाया गया:** जानकारी के मुताबिक, रीतिका का सैंपल मार्च में हुए चयन ट्रायल के दौरान लिया गया था। उनके सैंपल की विदेशी लैब में दोबारा हुई टेस्टिंग में वह पॉजिटिव पाए गए हैं। मुस्कान का 13 मई की दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर में आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल लिया गया, जिसमें GW 1516 नामक प्रतिबंधित सल्फोन पाया गया है। नितिका भी इस सूची में हैं। नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) ने उनकी रिपोर्ट देख ली है।

### समय-समय पर होता रहता है डोप टेस्ट

डोपिंग एक प्रकार का टेस्ट होता है, जो खिलाड़ियों पर किया जाता है। डोपिंग खेल प्रतियोगिताओं में दूसरों पर बढ़त हासिल करने के लिए कृत्रिम और अक्सर अवैध पदार्थों का सेवन करने की क्रिया है। खिलाड़ियों को कृत्रिम शक्ति बढ़ाने के लिए मनाई है, क्योंकि ये खेल नियमों के विरुद्ध है।

# कैंफर के प्रोफेशनल-क्रिकेट में लगातार 5 बॉल पर 5 विकेट

**डबलिन, 11 जुलाई (एजेंसी)।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर प्रोफेशनल क्रिकेट में लगातार पांच गेंदों में पांच विकेट लेने वाले पहले प्लेयर बन गए हैं। कैंफर ने यह कारनामा इंटर-प्रोविंशियल टी20 ट्रॉफी में मंस्टर रेड्स की ओर से खेलते हुए नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफकिया।



**ऐसे गिरे पांच विकेट :** कैंफर ने यह पांच विकेट अपनी दूसरी और तीसरी ओवर की गेंदों में लिए। नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स की टीम 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के स्कोर से 88 रन पर ऑल आउट हो गई। या।

**कैंफर ने कहा, समझ ही नहीं आया क्या हो रहा है:** मैच के बाद कैंफर ने कहा, ओवर बदलने की वजह से मुझे समझ ही नहीं आया कि क्या चल रहा है। मैंने बस अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखा और सब कुछ सिंपल रखा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे 6 में 6 विकेट ले सकते थे, तो उन्होंने मजाक में कहा, नहीं, ऐसा नहीं होता। जो हो गया वही काफी है। मैं बस मैदान में वापस आने से खुश हूं।

**चोट के बाद शानदार वापसी:** कैंफर हाल ही में उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफसीरीज से बाहर हो गए थे। वापसी के बाद पहले मैच में उन्होंने 35 गेंदों में 57 रन बनाए थे और इस मैच में 24 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली।

## व्यापार

## इन्कम टैक्स विभाग ने जारी की ITR-2 व 3 की एक्सेल शीट, टैक्स भरने में होगी आसानी




**नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसी)।** इनकम टैक्स विभाग ने आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म्स के लिए एक्सेल यूटिलिटीज जारी कर दी है। इससे टैक्सेबल कैपिटल गेन्स, क्रिप्टो इनकम और दूसरी स्पेसिफिक इनकम वाले टैक्सपेयर्स को अपनी असेसमेंट ईयर 2025-26 की आईटीआर फाइल करने में आसानी होगी। वित्त वर्ष 2024-25 (असेसमेंट ईयर 2025-26) के लिए आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर 2025 है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अटेंशन टैक्सपेयर्स! असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए आईटीआर-2 और आईटीआर-3 की एक्सेल यूटिलिटीज अब लाइव हो गई है और फाइलिंग के लिए उपलब्ध है।'

## टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस को भारत एनसीएपी के तहत 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिली



**बैंगलोर, 11 जुलाई (एजेंसी)।** सुरक्षा के प्रति टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अडिग प्रतिबद्धता के एक महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में, बहुप्रशंसित इनोवा हाईक्रॉस को भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत एनसीएपी) के तहत 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग दी गई है। यह भारत की सबसे व्यापक वाहन सुरक्षा मूल्यांकन संरचना है। इस उपलब्धि से अपने मूल्यवान ग्राहकों को हमेशा सुरक्षित मोबिलिटी समाधान प्रदान करने की कंपनी की अटूट और अंतर्निहित चाहत का पता चलता है। वयस्क और बच्चे - दोनों तरह के सवारों की सुरक्षा के लिए 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग प्राप्त हुई है। इससे पहले आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कॉरपोरेट मामले एवं गवर्नेंस के कंट्री हेड एवं ईवीपी श्री विक्रम गुलाटी और सीसीओ, एसवीपी एवं राज्य मामलों के प्रमुख श्री सुदीप दलवी को प्रमाण पत्र सौंपा।

# टेस्ला का भारत में पहला शोरूम 15 जुलाई को खुलेगा

### पांच मॉडल-गाड़ियां पहले ही मुंबई पहुंच चुकी, 48 लाख हो सकती है कीमत

**मुंबई, 11 जुलाई (एजेंसी)।** इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला 15 जुलाई को भारत में अपना पहला स्टोर शुरू करने वाली है। ये स्टोर मुंबई में खुल रहा है और लोगों के लिए एक एक्सपीरियंस सेंटर के तौर पर काम करेगा।

यानी यहां न सिर्फ गाड़ियां बेची जाएंगी, बल्कि लोग टेस्ला की टेक्नोलॉजी और फीचर्स को भी करीब से देख सकेंगे। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने ये जानकारी दी है।



कंपनी ने बीते दिनों मुंबई के ब्रांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में 4,000 वर्ग फीट के रिटेल स्पेस के लिए लीज साइन की थी। यह जगह शहर में स्थित एपल के फ्लैगशिप स्टोर के करीब है। पहले चरण में टेस्ला अपने मॉडल Y SUVs को ला रही है, जो शंघाई फैक्ट्री से इंपोर्ट की गई है। भारत में इसकी कीमत करीब 48 लाख रुपए हो सकती है।

**48 लाख रुपए की कार पर 21 लाख की इम्पोर्ट ड्यूटी :** ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के शंघाई फैक्ट्री से पांच मॉडल - गाड़ियां पहले ही मुंबई में टेस्ला के शोरूम में पहुंच चुकी हैं। टेस्ला की इन गाड़ियों की कीमत 27.7 लाख है और इन पर 21 लाख से ज्यादा का इम्पोर्ट ड्यूटी लगाई गई है। यानी, कीमत करीब 48 लाख हो जाएगी। ये ड्यूटी भारत के उस 70% टैरिफ के हिसाब से है, जो 40,000 से कम कीमत वाली आयातित गाड़ियों पर लगता है। इसमें अतिरिक्त शुल्क भी शामिल हैं। पहले चरण में टेस्ला अपने मॉडल Y SUVs को ला रही है, जो शंघाई फैक्ट्री से इंपोर्ट की गई है। पहले चरण में टेस्ला अपने मॉडल Y SUVs को ला रही है, जो शंघाई फैक्ट्री से इंपोर्ट की गई है।

#### टेस्ला का टाटा और महिंद्रा से कॉम्पिटिशन होगा

भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार अभी छोटा है, यहां 2023 में सिर्फ 2% कारें ही इलेक्ट्रिक थीं। लेकिन सरकार का टारगेट है कि 2030 तक 30% नई कारें इलेक्ट्रिक हों। टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी देसी कंपनियां इस मार्केट में पहले से मौजूद हैं और अब टेस्ला के आने से कॉम्पिटिशन और बढ़ेगा। टेस्ला की कारें अपनी शानदार डिजाइन, हाई-टेक फीचर्स और ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट्स के लिए जानी जाती हैं। कंपनी ने भारत में पहले से ही सेल्स, सर्विस और डिलीवरी के लिए लोगों की भर्ती शुरू कर दी है। टेस्ला का भारत आना न सिर्फइलेक्ट्रिक कारों को बढ़ावा देगा, बल्कि ये भारतीय ग्राहकों को भी नई टेक्नोलॉजी और बेहतर ऑप्शन्स देगा।

# नहीं हुआ तो इस तरीके से रिजर्व करें बर्थ, एक्स्ट्रा पैसे भी नहीं लगेंगे

**नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसी)।** अगर आप यात्रा की तैयारी कर रहे हैं और ट्रेन टिकट कन्फर्म नहीं है तो आपको करीब 8 से 12 घंटे पहले ही पता चल जाएगा कि वह कंफर्म हुआ है या नहीं। रेलवे 2 जुलाई से इस व्यवस्था पर काम कर रहा है। नई बात यह है कि रेलवे अब भी ट्रेन का दो Reservation Chart जारी कर रहा है। इसमें पहला 8 से 14 घंटे पहले जारी होने लगा है, जो यात्रियों को जानकारी देने के लिए बनाया जाता है। जबकि दूसरा चार्ट Tte की सहूलियत के लिए होता है, जो ट्रेन छूटने से आधे घंटे पहले बनता है। रेलवे ने पहले चार्ट को बनाने का प्रोसेस पहले Current Ticket Booking को बढ़ावा देने के लिए किया है।



**ट्रेन में कई बार सीट खाली चली जाती थी:** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी के मुताबिक कई बार सीट बुक न होने या यात्रियों द्वारा ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले टिकट कैंसिल कराने की स्थिति में बर्थ खाली रह जाती हैं और उसकी जानकारी सिर्फTte के पास होती है। यात्री उसका फायदा नहीं उठा पाते। यात्री अगर ऐसी बर्थ की जानकारी चाहते हैं तो वे 8 घंटे पहले चार्ट बनने के बाद IRCTC पर Current Ticket Booking सेक्शन में सीटों की बुकिंग की मौजूदा स्थिति के बारे में जान सकते हैं। वे रेलवे टिकट काउंटर से भी खाली सीट की जानकारी ले सकते हैं।

# एपल के बाद सैमसंग भी भारत में प्रोडक्शन बढ़ाएगा

- **अमेरिका में बिकने वाले स्मार्टफोन यहां बनाने की प्लानिंग, एपल 97 प्रतिशत आईफोन इंडिया में बना रहा**

**नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसी)।** एपल के बाद सैमसंग भी अमेरिकी बाजार में बेचे जाने वाले स्मार्टफोन्स भारत में बनाने की तैयारी में है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई ट्रेड पॉलिसी और टैरिफ बढ़ोतरी के चलते कई कंपनियां अपने प्रोडक्शन बेस को लेकर रणनीति बदल रही हैं। सैमसंग फिलहाल वियतनाम से अमेरिका को स्मार्टफोन एक्सपोर्ट करता है, लेकिन अगर वहां से शिपमेंट पर 20त्न तक का टैरिफलग गया तो कंपनी के लिए लागत बढ़ जाएगी। इस वजह से सैमसंग अब भारत में अपनी ग्रेटर नोएडा फैक्ट्री को अमेरिका के लिए एक्सपोर्ट हब बनाने की प्लानिंग कर रहा है। सैमसंग के ग्लोबल प्रेसिडेंट वॉन-जून चोई ने कहा कि हम पहले से ही भारत में कुछ ऐसे स्मार्टफोन बना रहे हैं, जो अमेरिका भेजे जा रहे हैं। अगर टैरिफको लेकर कोई बड़ा फैसला हुआ, तो हम तुरंत अपने प्रोडक्शन को भारत शिफ्ट कर सकते हैं।



**अमेरिका में बिकने वाले 97% आईफोन भारत में बन रहे:** एपल को ट्रम्प की धमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले लगभग सभी आईफोन भारत में बन रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एपल ने मार्च से मई 2025 के बीच भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए, उनमें से 97% अमेरिका भेजे गए हैं। इनकी कीमत 3.2 बिलियन डॉलर (27,000 करोड़ रुपए) रही। सिर्फ मई में ही करीब 1 बिलियन डॉलर यानी 8,600 करोड़ के आईफोन भारत से अमेरिका भेजे गए हैं। यानी एपल अब भारत में आईफोन एक्सक्लूसिव तौर पर अमेरिकी बाजार के लिए बना रहा है। जनवरी से मई 2025 तक भारत से अमेरिका को 4.4 बिलियन डॉलर(37 हजार करोड़) के आईफोन एक्सपोर्ट हो चुके हैं। ये आंकड़ा 2024 के 3.7 बिलियन एक्सपोर्ट से भी ज्यादा है। 2024 तक अमेरिका में बेचे जाने वाले 50त्न आईफोन भारत में बनते थे।

# चांदी 1,10,300 के ऑल टाइम हाई पर

- **2,366 बढ़ी कीमत, सोना 427 रुपए महंगा हुआ, इस साल सोने और चांदी के दाम 28% बढ़े**

**मुंबई, 11 जुलाई (एजेंसी)।** चांदी का दाम आज यानी शुक्रवार (11 जुलाई) को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत शुक्रवार को 2,366 रुपए बढ़कर 1,10,300 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,07,934 रुपए पर थी। वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 427 रुपए महंगा होकर 97,473 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कल सोने का दाम 97,046 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को चांदी ने ?1,09,550 और सोने ने ?99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल अब तक 20,882 महंगा हुआ सोना:** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,882 रुपए बढ़कर 97,046 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,917 रुपए बढ़कर 1,07,934 रुपए पर पहुंच गया है।

### 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 5520/09/नि.वि./लो.नि.वि./2025-26 दिनांक 09/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 29/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2 ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 07/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3 निविदा खोलने की तिथि : 08/08/2025 अपरान्ह 11:30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 9 T0029 | शासकीय आई.टी.आई. भवन राजनांदगांव में मरम्मत कार्य | 7.67 | 5800.00 |
| 9 T0030 | शासकीय मिनी माता गर्ल्स पॉलीटेकनिक महाविद्यालय भवन राजनांदगांव में मरम्मत कार्य | 9.75 | 7500.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।
टीपः- ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी-252602123/4

## एक नजर

### लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** भैरव नगर स्थित घर से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रूबिना अंजुम 50 वर्ष भैरवनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के आलमारी में रखे सोने का कंगन और 2 नग सोने का सिक्का पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### खड़ी बाइक चोरी

**रायपुर।** कमल विहार चौक में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष साहू 34 वर्ष पचपेड़ीनाका टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडब्लू 4341 को कमल विहार चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरानवापारा और आरंग पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 33 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 430 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम जौंदी में दबिश देकर आरोपी मानिक लाल साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने रानीसागर तालाब के पास आरोपी मनोज लोधी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 230 रुपए जब्त किया है।

### गांजा के साथ तीन पकड़ाए

**रायपुर।** टिकरापारा और सिविल लाइन पुलिस ने गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 25 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने कमल विहार सेक्टर 4 के पास दबिश देकर आरोपी मोहम्मद रासीद अली 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# महाविद्यालयों में 15 से शैक्षणिक कार्य शुरू करने के निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर।** रवि शंकर विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया अब अंतिम चरण पर है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार 15 जुलाई से महाविद्यालयों में अध्ययन कार्य शुरू हो जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर सभी महाविद्यालयों में मेरिड के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। इस समय साइंस कालेज, छत्तीसगढ़ कालेज, कन्या महाविद्यालय, देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय में इस समय कटऑफ मार्क्स बहुत ज्यादा चला गया है। जिसके कारण यहां पर प्रवेश को लेकर मारामारी है। छग कालेज में एक सूची निकाल दी गई है जबकि विज्ञान महाविद्यालय में भी एक सूची निकाल दी गई है।



रविशंकर विवि से करीब 150 महाविद्यालय से संबद्ध है। यहां पर कामर्स कंप्यूटर साइंस में प्रवेश लेने के लिए छात्रों में होड़ मची हुई है। राज्य शासन द्वारा पीईटी पीएमटी के परिणाम भी शीघ्र घोषित कर दिये जाएंगे। जबकि अखिल भारतीय स्तर के परीक्षा परिणाम आना बाकी है। इसके पश्चात प्रवेश को लेकर मारामारी बचेगी। वर्तमान में निजी महाविद्यालयों में एडमिशन को लेकर भर्राशाही चल रही है। डोनेशन तथा पहुंच के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 15 जुलाई से पढ़ाई शुरू हो जाना चाहिए लेकिन अलग अलग महाविद्यालयों द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार सत्र प्रारंभ किया जाएगा। महंत कालेज में अध्ययन कार्य 25 से शुरू होगा। महाविद्यालय खुलते ही अब छात्र राजनीति शुरू हो गई है। राज्यपाल जो कि समस्त महाविद्यालयों के कुलाधिपति भी है। वे शीघ्र ही एकेडमी की बैठक बुलाकर इस संबंध में निर्णय लेंगे। अधिकांश कुलपतियों का मानना है कि छात्र राजनीति के चलते महाविद्यालय में गुंडागर्दी बढ़ जाती है इसलिए मनोनयन के आधार पर छात्रसंघ का गठन किया जाए।

# राज्यपाल ने घायल जवानों का जाना कुशलक्षेम



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज रायपुर के श्री नारायणा हॉस्पिटल में पहुंचकर सीआरपीएफ के घायल जवान श्री मंटू नाथ (निवासी असम राज्य )और श्री राजवीर सिंह (निवासी गुजरात राज्य) का कुशलक्षेमजाना। ये जवान 8 जुलाई को नक्सलियों द्वारा बीजापुर में किये गए आईडी विस्फोट में घायल हो गए थे। राज्यपाल ने घायल जवानों से चर्चा की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने जवानों का उपचार कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके समुचित उपचार के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने उनके इलाज में किसी भी प्रकार की अवश्यकता की स्थिति में सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की ।

# स्वास्थ्य बीमा कंपनियों पर केंद्र सरकार कसेगी नकेल

**रायपुर।** राजधानी सहित प्रदेश के निजी चिकित्सा संस्थानों में विभिन्न बीमा कंपनियों द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मरीजों को इलाज की सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मरीजों को विशेष कार्ड बनाकर चौबीस घंटे के भर्ती समय में स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलता है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत विभिन्न कंपनियों द्वारा दावा वसूली अत्याधिक दर पर निजी चिकित्सा संस्थानों के साथ मिलीभगत कर करने की शिकायत मिली है।

केंद्रीय लोकस्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मिली विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए बीमा कंपनियों द्वारा नियोजित स्वास्थ्य बीमा योजना को अब बीमा




आयोग के अधीन अगस्त माह से लाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य बीमा योजना मेडी एशिष्ट के स्थानीय प्रतिनिधि तपन चक्रवर्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि एडमिशन के समय को भी केंद्र सरकार ने बदला है। 24 घंटे के बजाय अब केवल दो घंटे की भर्ती पर भी स्वास्थ्य बीमा में नियोजित लोगों को योजना का लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि राजधानी सहित प्रदेश भर के निजी चिकित्सा संस्थानों में इन दिनों विभिन्न बीमा कंपनियों के दावे को प्रस्तुत किये जाने पर काटछाट किये जाने की जानकारी मिली है। वहीं बीमा योजना के तहत नियोजित राशि के अलावा अन्य व्यय भी हास्पिटल प्रशासन द्वारा मरीजों से वसूल किये जाने की जानकारी मिली है। टीपीए में नियोजित एक हितग्राही ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले माह उनके पिता जी को हार्ट में स्टंट डलवाने लालपुर स्थित एक मशहूर चिकित्सा संस्थान में ले जाया गया था वहां पर तीन स्टंट डालने पर साढ़े तीन के बजाय उनसे पांच लाख की वसूली की गई। जबकि कंपनी द्वारा किये गए एमओयू के आधार पर केवल उन्हें साढ़े तीन लाख रुपये ही प्राप्त हुए है। इस संबंध में वे टीपीए के डायरेक्टर से पत्राचार कर रहे हैं।

# सीएसवीयूटी कुलपति के लिए इंटरव्यू स्थगित



**रायपुर/भिलाई.** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीयूटी) को जल्द ही नया कुलपति मिलने वाला है. कुलपति के चयन के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और सिर्फ उमीदवारों का इंटरव्यू शेष है. अगले कुछ दिनों में इंटरव्यू के बाद नए कुलपति के नाम का ऐलान राजभवन करेगा. विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक राजभवन ने वीसी के लिए 11 उमीदवारों को शॉर्ट लिस्ट किया है. शुक्रवार 11 जुलाई को उमीदवारों का इंटरव्यू होना था, लेकिन फिलहाल इसे स्थगित कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि, उत्तराखंड के बिपिन त्रिपाठी इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह, अंबिकापुर में सीएसवीटीयू के संघटक कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर राम नारायण खरे और तकनीकी शिक्षा विभाग के एडिशनल डायरेक्टर प्रोफेसर एमएल अग्रवाल टॉप प्रायोरिटी लिस्ट में हैं. एनआईटी रायपुर के प्रो. अनिल तिवारी और प्रो. राजेश त्रिपाठी को भी राजभवन से इंटरव्यू के लिए कॉल आया है.

# आईएफएस अधिकारी अरुण प्रसाद का इस्तीफा मंजूर

## केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** केंद्र सरकार ने 2006 बैच के आईएफएस अधिकारी अरुण प्रसाद के इस्तीफे को मंजूरी दे दी है. भारत सरकार की स्वीकृति के बाद उनका इस्तीफा स्वीकार हो गया है. बता दें कि आईएफएस अरुण दंतेवाड़ा और राजनांदगांव के डीएफओ रह चुके हैं. वर्तमान में वे राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव के पद पर पदस्थ थे. चर्चा है कि अरुण प्रसाद अब निजी क्षेत्र की ओर रुख कर सकते हैं. वे किसी बड़ी निजी कंपनी से जुड़ने जा रहे हैं, जहां उन्हें प्रशासनिक और रणनीतिक सलाहकार की भूमिका मिल सकती है. रमन सरकार की तीसरी पारी में अरुण प्रसाद काफी प्रभावशाली रहे. वहीं कांग्रेस सरकार में वे सीएसआईडीसी के एमडी रहने के साथ ही पौल्यूशन बोर्ड के मेम्बर सिकरेट्री रहे. विष्णुदेव सरकार में भी वे वही हैसियत रखते थे. अरुण



प्रसाद लगातार तीसरी सरकार में पौल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मेम्बर सिकरेट्री हैं.

अरुण प्रसाद मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं और वे 2006 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं. वे वर्तमान में मुख्य वन संरक्षक के स्तर के अधिकारी हैं. उनकी कार्यशैली को प्रभावशाली और अनुशासित माना जाता रहा है. उन्होंने दंतेवाड़ा और राजनांदगांव जिलों में डीएफओ के रूप में सेवा दी है और जंगलों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26